हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार 17 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 22.8 डिग्री

14 महाराजा और पोटिया चौक में बनेगा फ्लाईओवर...



15 21वें योद्धा- नर्तन राऊत नाचा महोत्सव में गूंजा ...





# 10वीं-12वीं बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू, पहले दिन जांची 1610 आंसरशीट

**371 मूल्यांकनकर्ताओं ने दीपक नगर और आदर्श कन्या मूल्यांकन केंद्र में दी ड्यूटी, 7 अप्रैल तक पूरा करना है कार्य**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दसवीं- बारहवीं बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन दुर्ग के दो मूल्यांकन केंद्रों में सोमवार से शुरू हो गया। पहले दिन दोनों की मूल्यांकन केंद्र में 371 वेल्यूअरों ने 1610 उत्तरपुस्तिकाओं की जांच पूरी की। मूल्यांकन केंद्र स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दीपक नगर दुर्ग में 156 वेल्यूअरों ने 669 और आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला दुर्ग में 215 वेल्यूअरों ने 941 उत्तरपुस्तिकाएं जांची। मूल्यांकन के पहले दीपक नगर केंद्र प्रभारी जे मनोहरण और आदर्श कन्या केंद्र प्रभारी कृष्णाा अग्रवाल ने वेल्यूअरों की औपचारिक बैठक ली और उत्तरपुस्तिकाएं जांचने के दौरान सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। दोनों की केंद्रों में मूल्यांकन के लिए करीब 94 हजार उत्तरपुस्तिकाओं की जांच की जानी है।

### दसवीं की सबसे ज्यादा जांची गई कापी

दीपक नगर मूल्यांकन केंद्र में दसवीं में केवल 82 मूल्यांकनकर्ता उत्तरपुस्तिकाओं को जांचने के लिए पहुंचे। इन वेल्यूअरों ने 371 उत्तरपुस्तिकाएं जांची। इस केंद्र में दसवी की 29 हजार 273 उत्तरपुस्तिकाओं की जांच के लिए आई है। आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग मूल्यांकन केंद्र में दसवी की 513 उत्तरपुस्तिकाओं की जांच की गई। दसवी की इस केंद्र में 37 हजार 156 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना है।



### बारहवीं की उत्तरपुस्तिका जांच भी शुरू

दीपक नगर मूल्यांकन केंद्र में बारहवीं में 74 मूल्यांकनकर्ता पहुंचे। उन्होने 298 उत्तरपुस्तिकाओं की जांच की है। इस कक्षा की 12हजार 921 उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए आई है। इस केंद्र में 12 हजार 971 उत्तरपुस्तिकाओं की जांच होनी है। आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग मूल्यांकन केंद्र में बारहवीं की 513 उत्तरपुस्तिकाओं की जांच की गई। इस केंद्र में कुल 15 हजार 680 उत्तरपुस्तिका की जांच होनी है।

### बोर्ड को ऑनलाइन ब्योरा भी फीडिंग

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने निर्देश जारी किए हैं कि जिस विषय की जितनी भी उत्तरपुस्तिकाएं जांची गई है उनका प्रतिदिन डेटा पोर्टल में फीड करें। इस निर्देश के हिसाब से जांची गई उत्तरपुस्तिकाओं का डेटा भी बोर्ड को प्रेषित किया गया। उत्तरपुस्तिका में अंकित कोड नंबर के हिसाब से ब्योरा पोर्टज के माध्यम से भेजना भी शुरू कर दिया गया है। मूल्यांकन का कार्य सुबह और दोपहर यानी दो पालियों में पूरी की गई। प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता को पहले पाली में 20 और दूसरे पाली में 20 उत्तरपुस्तिका जांच के लिए दी गई। जांची गई उत्तरपुस्तिकाओं का तीन चरणों में जांच भी पूरी की।

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालू का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

## रिसाली निगम में बवाल
## 33 वार्डों में सफाई काम पूरी तरह ठप
# 650 सफाई कर्मियों ने महापौर का निवास घेरा, फिर मेयर-आयुक्त केबिन के सामने धरने पर बैठीं, टेंशन बढ़ा तो अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

रिसाली निगम में सफाई ठेका को लेकर सोमवार को जमकर बवाल मचा। रिसाली मेयर शशि सिन्हा के निवास पर सुबह 650 सफाई कर्मियों ने घेराव कर दिया। घेराव से आक्रोशित मेयर अपने निवास से सीधे रिसाली निगम पहुंची और अपने चार एमआईसी मेंबरों के साथ निगम आयुक्त मोनिका वर्मा के केबिन के सामने धरना-प्रदर्शन पर बैठ गई। वहीं सफाई कर्मी मेयर निवास से आकर निगम कार्यालय स्थित मेयर कार्यालय के पास धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया।

इस दौरान ठेका एजेंसी और कर्मचारियों के साथ जमकर विवाद हुआ। आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। इसी दौरान प्रदर्शन कर रही मेयर सिन्हा बेहोश हो गई और उसे अस्पताल ले जाकर भर्ती करवाना पड़ा। नाटकीय घटनाक्रम का नतीजा यह हुआ कि निगम के पूरे 33 वार्डों में सफाई व्यवस्था ठप हो गई। मेयर के इस प्रदर्शन को लेकर विपक्ष यानी भाजपा ने तीखा प्रहार किया है। भाजपा का कहना है कि सत्ता पक्ष अपने खुद के बनाए निगम में प्रदर्शन कर रही है। इससे लगता है कि कहीं न कहीं दाल काली है।



रिसाली निगम की मेयर शशि सिन्हा धरना प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करती हुई।



मेयर शशि सिन्हा निवास का घेराव करते हुए सफाई कर्मी। इनसेंट में अस्पताल में भर्ती मेयर।

### मेयर के साथ केवल आधे एमआईसी मेंबर

रिसाली मेयर शशि सिन्हा जब निगम में धरने पर बैठी तो उनके साथ केवल चार एमआईसी मेंबर और कांग्रेस संगठन से जुड़े लोग भी शामिल हो गए। इस प्रदर्शन में चार और एमआईसी मेंबरों ने मेयर के इस फैसले का साथ नहीं दिया। ये चार एमआईसी मेंबर वहीं हैं जो 12 मार्च को सफाई ठेका को स्वयं निगम द्वारा संचालित करने के कथित पारित संकल्प में हस्ताक्षर नहीं किए हैं। इससे अब और साफ जाहिर हो गया है कि सफाई ठेका को लेकर नगरीय विकास व विभाग मंत्रालय के वर्ष 2020 के आदेश के हिसाब से एमआईसी ने निर्णय नहीं लिया है। इसलिए वे साथ नहीं हैं।

### आयुक्त मोनिका और मेयर शशि आमने-सामने

सफाई ठेका को लेकर रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा और महापौर शशि सिन्हा आमने-सामने हैं। महापौर शशि सिन्हा स्वयं सफाई ठेका निगम द्वारा संचालित करने की बात प्रदर्शनकारी सफाई कर्मियों से कहती रही। श्रमिकों ने यह भी पूछा कि जब सफाई ठेका दो महीने बढ़ाई गई थी तब आपने यह निर्णय क्यों नहीं लिया। अब जब सफाई ठेका का समय 15 मार्च को समाप्त हो गया है तो हम बेरोजगार हो गए हैं। मेयर ने आयुक्त से चर्चा करने की बात हीं और निगम आ पहुंची। आयुक्त मोनिका वर्मा से प्रदर्शनकारी का प्रतिनिधि मंडल ने चर्चा की तो उन्होने कहा कि उच्च अधिकारियों से राय मांगी गई है और कोई आदेश मुझे नहीं आया है। वहीं मेयर को साफतौर पर कह दिया है कि नगरीय विकास व विभाग मंत्रालय के आदेश के हिसाब से ही कार्य करेंगे। नियम के खिलाफ नहीं जाएंगे।

### आज से पूरे 33 वार्डों में डंप हो गया है कचरा

रिसाली निगम में 40 वार्ड हैं। इनमें 7 वार्ड बीएसपी यानी टाउनशिप एरिया के हैं। शेष 33 वार्डों में सफाई व्यवस्था निगम ठेके से संचालित करती है। ठेका अवधि पूरी हो जाने के बाद इन वार्डों में साफ-सफाई ठप रही। न लोगों के घरों से कचरा कलेक्शन हो पाया और न ही वार्डों के सार्वजनिक स्थलों से कचरा उठा। वार्डों में साफ- सफाई नहीं हो पाई। प्रत्येक वार्ड में कचरे का अंबार सा दिखाई दिया। निगम में कचरा गाड़ियों के पहिए थम गए हैं।

### नेता प्रतिपक्ष ने ये सवाल खड़े किए

नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू ने सवाल किए हैं कि क्या महापौर नियम विरुद्ध जाकर सफ़ाई व्यवस्था एवं निविदा में जानबूझ कर देरी कर रही है। महापौर के आधे एमआईसी मेम्बर संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं इससे लगता है कि उन्हे अपने महापौर के ऊपर भरोसा नहीं रहा। क्या महापौर के घर मजदूर विरोध करने पहुंचे तो "उल्टी गंगा बहाते " हुए वो किनके विरुद्ध धरने में बैठी? क्या महापौर जानबूझकर निविदा में देरी और नियमविरुद्ध करवाना चाह रही है? इससे पहले के ठेकेदारों को पूर्ववर्ती राज्य सरकार के समय टेंडर अवधि समाप्त होने के बाद भी बढ़ायी गई थी, फिर इस बार क्या नहीं बढ़ाया जा रहा है? क्या कमीशन के खेल में ही महापौर उलझ गई?

### डायरेक्टर को दिया है प्रतिवेदन, आदेश का इंतजार



मेयर का दबाव है कि मैं एमआईसी में पारित संकल्प के हिसाब से काम करें। इस संबंध में मैंनें नगरीय विकास व विभाग मंत्रालय के डायरेक्टर को प्रतिवेदन जाकर दे दी हूं। उनके निर्देशों के अनुरूप जल्द ही सफाई समस्या को सुलझा लेंगे और आगे काम करेंगे।

**-मोनिका वर्मा,** निगम आयुक्त रिसाली

## 6 क्विंटल से अधिक गांजा ब्राउन शुगर और टेबलेट को पुलिस ने किया नष्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पुलिस ने नारकोटिक्ट एक्ट के 58 प्रकरणों में जब्त मादक पदार्थो को सोमवार को बीएसपी व नेवई क्षेत्र में नष्टीकरण किया गया। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि नारकोटक्सि सेल, पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ रायपुर के आदेशानुसार एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में जब्त मादक पदार्थों के नष्टीकरण के लिए टीम बनाई गई थी। टीम ड्रग्स डिस्पोजल समिति ने जिला दुर्ग के विभिन्न थानों में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मिले मादक पदार्थों का नष्टीकरण किया गया। कार्रवाई में कुल 58 प्रकरणों में 612.515 किलोग्राम गांजा, 6.550 ग्राम ब्राउन शुगर, 78,333 नग टेबलेट, 23,200 कैप्सूल,197 नग सिरप शामिल हैं। गांजा, ब्राउन शुगर, टेबलेट, कैप्सूल का नष्टीकरण भिलाई इस्पात संयंत्र में और सिरप का नष्टीकरण थाना नेवई क्षेत्र में किया गया। इस दौरान उक्त कार्रवाई में ड्रग्स डिस्पोजल समिति के सदस्यगण, नोडल अधिकारी नष्टीकरण,भण्डारण, सीएसपी भिलाई नगर, डीसीआरबी शाखा के अधिकारी, कर्मी नगर पालिक निगम भिलाई के सहायक राजस्व अधिकारी बसंत कुमार देवांगन भी मौजूद थे। पुलिस की नशाखोरों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। तस्करों की भी धरपकड़ की जा रही है।

- नारकोटिक्स एक्ट में जब्त थे मादक पदार्थों
- 58 प्रकरणों में जब्त किया गया था मादक पदार्थ

## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार लेकर डराने धमकाने वाले दो गिरफ्तार



**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगो को डराने धमकाने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम पीसेगांव नदी रोड में दो युवक ग्राम चंदखुरी पुलगांव निवासी मयंक बांधे, ग्राम कोनारी दिनेश ठाकुर को पकड़ा गया। युवकों के पास से पुलिस ने धारदार हथियार भी जब्त किया है।

### अड्डेबाजी और अवैध मदिरा पर पुलिस की कार्रवाई

**भिलाई।** जिला दुर्ग में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने और अवैध मदिरा के विक्रिय, परिवहन,संग्रहण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों द्वारा सार्वजनिक स्थलों, संभावित संवेदनशील स्थानों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान अवैध मदिरा गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कुल 14 प्रकरण दर्ज किए गए। इस दौरान मोहन नगर 7, नेवई 1, जामुल 2, दुर्ग 1, पुलगांव 2, उतई 1 मामला पकड़ा गया। कार्रवाई में थाना प्रभारियों, विवेचना अधिकारीगण, पेट्रोलिंग स्टाफ की भूमिका रही है।

## 13 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जुआ का बड़ा फड पंचशील नगर स्थित मोहलई के खेत में चल रहा था। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने दबिश देकर 13 जुआरियों को पकड़ा है। पुलिस ने मिलपारा दुर्ग के मोहम्मद फहीम, नेवई के बल्लू वर्मा, जवाहर नगर के किशन साहू, नयापारा के पंकज सोनी, उरला के नितेश जैन, मठपारा के सुरेश गुप्ता, कसारीडीह के शंकर लाल चौधरी, बघेरा के मोहित सिन्हा, शिव नगर के ललित भट्ट, कोटनी के खिलेश्वर निषाद, राम नगर उरला के बसंत कुमार सोनी, पंचशील नगर के राकेश मंडल, कोटनी के मनोज राजपत को पकड़ा गया। जुआरियों के पास से तीन गड्डी ताश की पत्ती और नगदी रुपए, प्लास्टिक की ताल पतरी, कम्बल, चादर, 18 मोबाइल फोन बरामद किया गया है। जिसकी कीमत 1.44 लाख, नगद 1.53 लाख रुपये बरामद किया गया है। कुल जब्त 2.97 लाख रुपए का हुआ है। कार्रवाई में कोतवाली दुर्ग का अहम योगदान रहा है।

**पंचशील नगर में जुआ का बड़ा फड़**



## आयुक्त ने पेश की एमआईसी में बजट पुस्तिका

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने सोमवार को एमआईसी के समक्ष बजट पुस्तिका प्रस्तुत कर दी। महापौर नीरज पाल और एमआईसी सदस्यों की मौजूदगी में निगम की आय बढ़ाने के लिए फोकस किया गया है।

एमआईसी मेंबरों ने बजट की कापी अध्ययन के लिए उपलब्ध करवाने के लिए अपनी बात रखी लेकिन गोपनीयता का हवाला देते हुए उसे नहीं दिया गया। व्यय को लेकर मंगलवार को फिर से एमआईसी होगी। पिछले साल का बजट एमआईसी 20 मार्च 2025 को रखी गई थी लेकिन इस बार 16 मार्च को ही आयुक्त ने एमआईसी में बजट रख दिया। बजट एमआईसी में प्रस्तुत नहीं करने को लेकर महापौर नीरज पाल ने आयुक्त राजीव पांडेय पर यह आरोप लगाए थे कि सामान्य सभा में देरी होगी। वर्किंग डे नहीं होने की वजह से यह दिक्कतें आएगी। बैठक में एमआईसी सदस्य सीजू एंथोनी, लक्ष्मीपति राजू, एकांश बंछोर, संदीप निरंकारी, केशव चौबे, नेहा साहू, चंद्रशेखर गंवई, लालचंद वर्मा, मन्नान गफ्फार खान आदि सदस्य शामिल हुए।

**आय पर हुई चर्चा**




**आज से आठवीं की परीक्षा होगी शुरू, शिक्षा विभाग ने तैयारी की पूरी**

# पांचवीं बोर्ड गणित के पेपर हल करने जगह पड़ गई कम, दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई/निकुम

पांचवीं केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा सोमवार को शुरू हुई। गणित विषय का पहला पेपर हुआ। विद्यार्थियों को गणित के प्रश्न पत्र में सवालों को हल करने के लिए जो जगह छोड़ा गया है बहुत ही कम रहा जिसकी वजह से विद्यार्थियों को दिक्कतें आई। वहीं जिसने भी प्रश्न पत्र को डिजाइन किया है इसका मुख्य उदेश्य था चार पेज से ज्यादा प्रश्न पत्र की संख्या न बढ़े इसके चक्कर में हल करने के लिए जगह बहुत कम छोड़ दिया गया है। जिससे बच्चों को सवाल हल करने में बहुत असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वहीं आठवी की केंद्रीयकृत परीक्षा 17 मार्च से शुरू हो रही है। 22 हजार 700 विद्यार्थी आठवीं की परीक्षा में शामिल होंगे। आठवीं की परीक्षा के लिए 728 केंद्र बनाए गए हैं।



### रफ कार्य करने के लिए जगह नहीं

विद्यार्थियों ने बताया कि गणित जैसे विषय में रफ कार्य के लिए जरा सा भी जगह नहीं मिली। जिसकी वजह से अलग से रफ कार्य नहीं कर पाए। इधर पर्यवेक्षक के हस्ताक्षर के लिए चिन्हांकित स्थान नहीं दिया गया है। दिनांक और दिन के उल्लेख के लिए भी कोई चिन्हांकित स्थान नहीं रखा गया है। पर्यवेक्षकों को भी दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

### पांचवी के 23 हजार 151 विद्यार्थी हुए शामिल

सुबह 9 बजे से परीक्षा जिले के 1077 परीक्षा केंद्रों में प्रारंभ हुई। इस साल कक्षा पांचवीं की परीक्षा में कुल 23 हजार 151 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। इनमें 14 हजार 480 सरकारी और 8 हजार 671 निजी स्कूलों के छात्र हैं। दुर्ग, पाटन और धमधा तीनों ब्लॉक में सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में परीक्षा केंद्रों में जिला शिक्षा विभाग द्वारा मानिटरिंग भी करवाई गई। जिले के संकुलों से यह टीम परीक्षा केंद्रों में जाकर निरीक्षण किया।

### परीक्षा से दो घंटे पहले थाने से लाए गए सीलबंद प्रश्नपत्र पैकेट

परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पहले संबंधित थानों में रखे गए सीलबंद प्रश्नपत्र का पैकेट संकुल संमवयकों के माध्यम से केंद्रों में लाया गया। उत्तरपुस्तिका और प्रश्नपत्र एक की सीट में है। इसलिए विद्यार्थियों ने प्रश्नों के उत्तर इसी सीट में लिखकर परीक्षा दी। प्रश्नत्रों को संकुलों में ले जाकर जमा किया गया है। जिसके मूल्यांकन की भी तैयार जिला शिक्षा विभाग कर रही है। आगामी दिनों में होने वाली परीक्षाओं की तैयारी की जा रही है। शिक्षा विभाग की टीम नियमित जांच करेगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
18 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
यदि आपके पास 2,3,4 या 5 श्रद्धालुओं का छोटा ग्रुप है तो भी आप इन्हे निर्धारित तिथियां मे इस ग्रुप के साथ भेज सकते है इससे आपकी यात्रा कैंसिल नही होगी और आसानी से यात्रा हो सकेगी
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

# पाठकों के विश्वास व भरोसे के साथ

# हरिभूमि

## फिर नंबर



जन सरोकार, जनहित और
जमीन से जुड़ी
पत्रकारिता ने दिलाया
पाठकों का भरोसा

**CHANANA TIMBER MERCHANT**
Gaurav Chanana



Deals in : Premium Quality Teak Wood, Pine Wood, Beeja, Sal/Sarai, Hard Wood, WPC Frame, WPC Door, Lamination Door, MicaDoor & Aluminum Section Etc.



MFG. WOODEN DOORS & WINDOWS
Paanch Rasta, Supela, Bhilai
Mob.: 99812-11787, 0788-4066305

**हरिभूमि एबीसी रिपोर्ट में**
**छत्तीसगढ़ में फिर नंबर**

होने पर
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं



**श्याम शर्मा**
सभापति
नगर पालिक निगम
दुर्ग

छत्तीसगढ़ में जनसरोकार की
**पत्रकारिता का प्रतीक**
बन चुका

## हरिभूमि

एक बार फिर
पाठकों की
पहली पसंद साबित हुआ है।

**एसीबी**
**ऑडिट ब्यूरो**
**ऑफ सर्कुलेशन**

की जुलाई-दिसंबर 2025
रिपोर्ट के अनुसार


## हरिभूमि

ने प्रदेश में प्रसार
के मामले में अपने
प्रतिस्पर्धियों से
स्पष्ट बढ़त बनाई है।

कुल प्रसार संख्या 3,65,385
जो अन्य प्रमुख अखबारों
से काफी अधिक

**हरिभूमि एबीसी रिपोर्ट में**
**छत्तीसगढ़ में फिर नंबर**

होने पर
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं



**शमशेर सिद्दीकी**
महामंत्री
भिलाई जिला
कॉंग्रेस कमेटी

**हरिभूमि एबीसी रिपोर्ट में**
**छत्तीसगढ़ में फिर नंबर**



होने पर
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं

**महिमा हॉस्पिटल**
कादम्बरी नगर, दुर्ग (छ.ग.)
मेडिकल एवं सर्जिकल चिकित्सा सुविधा



**NAVRATRI DHAMAKA OFFER**
Book Your Solar System Today & Unlock Exciting Benefits!

GOVERNMENT SUBSIDY UP TO
**1,08,000***
Bank Finance
**@5.75% ROI**
**ZERO**
Processing Fee
FREE GIFTS
Worth Up To
**10,000/-**

| सोलर प्लांट की क्षमता | केंद्रीय सब्सिडी | राज्य सब्सिडी | टोटल सब्सिडी |
|---|---|---|---|
| 1kw | ₹ 30,000/- | ₹ 15,000/- | ₹ 45,000/- |
| 2kw | ₹ 60,000/- | ₹ 30,000/- | ₹ 90,000/- |
| 3kw और उससे ऊपर | ₹ 78,000/- | ₹ 30,000/- | ₹ 1,08,000/- |

**Install Solar Now**
- Save up To 90% On Electricity Bills
- Increase Property Value
- Go Green & Energy Independent

हम टॉप ब्रांड्स के साथ काम करते हैं

-: आज ही संपर्क करें :-
**REJOY SOLAR POWER PVT. LTD.**
Contact : 97705-77527, 96858-53195

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को लगेगा जीवन रक्षक टीका

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण और सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए जीवन रक्षक एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन अभियान की शुरुआत की गई। सांसद विजय बघेल, कलेक्टर अभिजीत सिंह की मौजूदगी में अभियान का उद्घाटन हुआ।

कलेक्टर ने कहा कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की सभी बालिकाओं तक यह जीवन रक्षक वैक्सीन पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है, जिससे भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव संभव हो सके। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार महिलाओं में पाए जाने वाले प्रमुख कैंसर में सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर समस्या है और अनुमानतः प्रत्येक 6 कैंसर पीड़ित महिलाओं में से 1 महिला इस बीमारी से प्रभावित होती है। समय पर टीकाकरण से इस खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी की टीकाकरण से जुड़ी जानकारी दी। कलेक्टर ने सिविल सर्जन डॉ. आशीष कुमार मिंज को निर्देशित किया कि सभी टीकाकरण स्थलों पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### हर दिन सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक लगाया जाएगा टीका

सिविल सर्जन ने बताया कि यह टीका जिला अस्पताल में सुबह 9 बजे से 2 बजे तक लगेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के स्वास्थ्य विभाग की अध्यक्ष प्रिया साहू भी उपस्थित रहीं। अभियान के सफल संचालन हेतु अपना सहयोग प्रदान किया। वहीं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव ग्लैड, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सीबी बंजारे उपस्थित रहे। सामान्य रूप से बाजार में इस वैक्सीन की कीमत लगभग 4000 रुपये तक होती है, किंतु शासन की पहल और जिला प्रशासन के प्रयासों से इसे अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक बालिकाओं तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### सांसद बघेल ने की एचपीवी वैक्सीन अभियान की शुरुआत


सोमवार को सांसद बघेल ने अभियान की शुरुआत की।

### 21 अप्रैल तक शिशु संरक्षण माह का आयोजन

जानकारी दी गई कि 17 मार्च से 21 अप्रैल तक आयोजित होने वाले शिशु संरक्षक माह का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि आवश्यक माइक्रोप्लान तैयार कर 6 माह से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे तक पहुंच सुनिश्चित की जाए, ताकि शिशु संरक्षक माह के अंतर्गत संचालित टीकाकरण, पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों को सफल बनाया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वित प्रयासों से इस अभियान को सफल बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

### बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन का मिले लाभ : कलेक्टर अभिजीत

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने समस्त 14 से 15 वर्ष के बीच की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन का शत प्रतिशत लाभ दिलवाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज दानी और जिला अस्पताल दुर्ग सिविल सर्जन डॉ. आशीष कुमार मिंज को टीकाकरण वाले जगह उचित व्यवस्था बनाने कहा गया है। सिविल सर्जन डॉ. मिंज ने बताया कि यह सर्विक्स कैंसर 6 कैंसर पीड़ित महिलाओं में से 1 महिला इस सर्विक्स कैंसर से पीड़ित होती है। भारत सरकार के इस पहल से सर्विक्स कैंसर की बीमारी से बचाए जा सकेंगे, यह एक इंजेक्शन 4000 से 4200 तक आता है। बैठक में डीएचओ डॉ. संजीव ग्लैड, डीआईओ डॉ. दिव्या श्रीवास्तव और जिला शिक्षा विभाग, जिला कार्यक्रम विभाग, जिला महिला और बाल विकास विभाग के अधिकारीगण मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### ई-ऑफिस क्रियान्वयन में दुर्ग प्रदेश में दूसरे स्थान पर



दुर्ग। सरकारी कामकाज में पारदर्शिता, गतिशीलता और पेपरलेस गवर्नेंस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लागू की गई ई-ऑफिस प्रणाली के संचालन में दुर्ग जिले ने पूरे छत्तीसगढ़ में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। प्राप्त नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, ई-फाइल काउंट के मामले में दुर्ग जिला 9,957 फाइलों के साथ पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान पर काबिज हो गया है। यह उपलब्धि कलेक्टर अभिजित सिंह के कुशल मार्गदर्शन और उनके द्वारा की गई निरंतर मॉनिटरिंग का प्रतिफल है। जिले में इस प्रणाली को प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को उच्च स्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे कार्यालयीन फाइलों के निपटान में तेजी आई है। प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनी है। कलेक्टर स्पष्ट किया है कि ई-ऑफिस केवल एक सॉफ्टवेयर मात्र नहीं, कार्य संस्कृति में एक क्रांतिकारी बदलाव है, जिससे आम जनता के कार्यों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित हो रहा है। ई-ऑफिस के सफल क्रियान्वयन के लिए एक प्रयोग जिले के रूप में विकसित किया गया था, जहां शुरुआती दौर में इस तकनीक का व्यापक परीक्षण किया गया। इस मॉडल डिस्ट्रिक्ट् पहल के कारण सक्ति जिले को आंकड़ों में उल्लेखनीय बढ़त प्राप्त हुई है। हालांकि दुर्ग जिले ने अपनी सक्रियता और बेहतर प्रशिक्षण रणनीति के माध्यम से बहुत कम समय में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। छत्तीसगढ़ शासन की मंशा के अनुरूप, जिले के सभी सरकारी विभागों में अब भौतिक फाइलों के स्थान पर डिजिटल फाइलों के चलन को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे भविष्य में 'जीरो पेंडेंसी' के लक्ष्य को प्राप्त करने में बड़ी मदद मिलेगी।

### 3.5 लाख में मिलेगा पक्का आवास, पंजीयन शुरू

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र में बेघर एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। योजना के एएचपी घटक के तहत सरस्वती नगर, मां कर्मा बोरसी, फॉर्चून हायट्स बोरसी एवं गोकुल नगर में निर्मित रिक्त फ्लैट आवास हितग्राहियों के लिए उपलब्ध हैं। इन आवासों का आवंटन पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किया जा रहा है। इस योजना का लाभ ऐसे हितग्राहियों को दिया जा रहा है जो अगस्त 2015 के पहले से शहर में निवासरत हैं तथा वर्तमान में किराये के मकान, किसी अन्य के मकान या कच्चे मकान में रह रहे हैं और स्वयं का पक्का घर नहीं है। पात्र हितग्राही लगभग 3.5 लाख रुपये की लागत में किश्तों के माध्यम से फ्लैट आवास प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा हितग्राहियों की सुविधा के लिए ऋण उपलब्ध कराने हेतु फाइनेंस कंपनियों की व्यवस्था भी की गई है। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य शहर के प्रत्येक जरूरतमंद परिवार को पक्का एवं सुरक्षित आवास उपलब्ध कराना है। नगर निगम द्वारा निर्मित इन फ्लैट आवासों का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिलेगा।

## कलेक्टर ने स्वीकृत कामों का किया निरीक्षण, अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

# महाराजा और पोटिया चौक में बनेगा फ्लाईओवर, सिरसा गेट से तर्रा होकर सेलूद तक नए बाइपास पर भी विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्ग-भिलाई नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क चौड़ीकरण के स्वीकृत कामों की जानकारी लेने के लिए स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने जेल तिराहा से मिनीमाता फोरलेन सड़क के अंतर्गत महाराजा चौक और पोटिया चौक का अवलोकन किया।

यहां पर मार्किंग कर अतिक्रमण हटाने का कार्य और स्ट्रीट लाईट शिफ्टिंग कार्य प्रारंभ करने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने के पूर्व स्ट्रीट लाइट शिफ्टिंग हेतु नगर निगम को डिमांड नोट प्रस्तुत करने कहा। इसी प्रकार महाराजा चौक से बोरसी चौक तक सड़क चौड़ीकरण हेतु भू-अर्जन की कार्यवाही करने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। अधिकारियों ने बताया कि इस सड़क पर महाराजा चौक और पोटिया चौक पर फ्लाई ओव्हर ब्रिज बनाए जाएंगे। उक्त निर्माण कार्य सेतु निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। पोटिया चौक से मिनीमाता चौक तक भू-अर्जन की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।



### महमरा से नगपुरा तक सड़क किनारे कब्जा करने वालों को नोटिस

कलेक्टर ने महमरा से नगपुरा जालबांधा रोड का भी अवलोकन किया। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण को ध्यान में रखते हुए उक्त सड़क के अगल-बगल अतिक्रमण हटाने संबंधितों को नोटिस के माध्यम से सूचित करने और निर्धारित तिथि के पूर्व हटाने अधिकारियों को निर्देशत करने कहा। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण को ध्यान में रखते हुए उक्त सड़क पर निर्मित होने वाले ब्रिज की चौड़ाई 13 के बजाय 14 मीटर कराने शासन को आवश्यक पत्राचार करने ब्रिज निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। ग्राम नगपुरा में महाविद्यालय भवन के लिए चिन्हांकित स्थल का अवलोकन किया।

### सेवती में फ्लाई एस ब्रिक्स का अतिक्रमण, जताई नाराजगी

कलेक्टर ने सेवती में सिंह फ्लाई एस ब्रिक्स द्वारा सड़क अतिक्रमण का भी जायजा लिया और राजस्व अधिकारियों को सड़क के मापदण्ड को ध्यान में रखते हुए मार्किंग कर अतिक्रमित जमीन से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ भिलाई नगर निगम अंतर्गत अवंती बाई चौक कोहका से खुर्सीपार तक लगभग 5 किमी केनाल सड़क का भी पैदल भ्रमण कर अतिक्रमण का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को अवगत कराया कि शासन से स्वीकृत उक्त सड़क निर्माण हेतु मार्किंग कर अतिक्रमण हटाया जाए। इससे पूर्व संबंधितों को नोटिस तामिल की जाए।

### गिरहोला से मलपुरी खुर्द सड़क का भी किया निरीक्षण



कलेक्टर ने अहिवारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गिरहोला से मलपुरी खुर्द तक स्वीकृत सड़क चौड़ीकरण का भी अवलोकन किया। उन्होंने सड़क निर्माण हेतु आवश्यक जमीन के संबंध में सड़क चौड़ाई की टेप से मौके पर माप भी कराई। राजस्व अमले को किसानों द्वारा किये गए फेसिंग एवं अतिक्रमण स्वयं से हटाने हेतु सूचित करने कहा। नहीं हटाने पर विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही कर फेसिंग तार एवं पोल आदि जब्ती की कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए।

### सिरसागेट से तर्रा-फुंडा-सेलूद बाइपास का भी अवलोकन

कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ बाइपास के विकल्प के रूप में सिरसागेट से तर्रा-फुण्डा-सेलूद-उतई मार्ग का भी अवलोकन किया। उन्होंने उतई में निर्माणाधीन उतई बायपास रोड़ के निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। साथ ही आवश्यक जमीन हेतु बीएसपी से समन्वय कर भू-अर्जन प्रक्रिया के तहत निर्माण कार्य एजेंसी विभाग को जमीन उपलब्ध कराने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर अधिकारी आशीष भट्टाचार्य, सीके पाण्डेय, छगन शर्मा, सुमित अग्रवाल, राजीव पाण्डेय, हितेश पिस्दा, महेश राजपूत, प्रफुल्ल गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

## पेंशन विभाग की लापरवाही, दो साल से सेवानिवृत्त कर्मी काट रहा चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर निगम से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी अनिल मनहरे पिछले दो साल से पेंशन विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं। उन्हें निगम द्वारा काटी गई



एनपीएस की राशि का भुगतान अब तक नहीं हो पाया है। वे नियमित रूप से पेंशन विभाग के चक्कर काट रहे हैं, जहां से उन्हें बैरंग लौटाया जा रहा है। परेशान होकर उन्होंने नगरीय प्रशासन विकास विभाग के सचिव को इस पूरे मामले की शिकायत की है। सेवानिवृत्ति निगम कर्मचारी अनिल मनहरे ने कहा कि जल्द ही उन्हें भुगतान नहीं किए जाने की स्थिति में उन्हें अदालत की शरण लेनी पड़ेगी। मनहरे ने कहा कि वेतन से कटौती की गई एनपीएस राशि का भुगतान नहीं करवाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन विकास विभाग का पेंशन विभाग का कार्य छत्तीसगढ़ सरकार की छवि धूमिल कर रहा है। सेवानिवृत्ति के दो वर्षों बाद भी उन्हें छत्तीसगढ़ शासन के मंत्रालय पेंशन विभाग के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। पेंशन विभाग के उप संचालक जितेंद्र कुशवाहा से उन्होंने 8 से 10 बार मुलाकात कर भुगतान की मांग की है। बावजूद राशि नहीं लौटाई गई है।

## जुनवानी चौक पर सड़क को ही बना दिया पार्किंग, आप ने की शिकायत

भिलाई। जुनवानी चौक पर सड़क किनारे ही अवैध पार्किंग को लेकर आम आदमी पार्टी ने शिकायत की है। आप नेता जसप्रीत सिंह ने कहा कि सार्वजनिक सड़क को घेरकर वहां अवैध रूप से पार्किंग शुल्क वसूली जा रही है। पार्किंग के नाम पर आम जनता से भारी पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है। उन्होंने सरकारी रोड पर किए गए अवैध कब्जे और सीमेंट्रीकरण को तत्काल हटाकर उसे कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

# शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में उन निर्वाचन के लिए मतदाता पुनरीक्षण का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग नवा रायपुर के निर्देशानुसार दुर्ग जिले में नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2026 की तैयारी शुरू कर दी गई है।

नगर पालिक निगम भिलाई और नगर पालिक निगम रिसाली निकायों की मतदाता सूचियों का 1 अप्रैल 2026 की संदर्भ तिथि के आधार पर तैयार एवं पुनरीक्षण किया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इसके तहत अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर तथा अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी दुर्ग को अपीलीय प्राधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भिलाई निगम के वार्ड 1 तथा रिसाली के वार्ड 2 और 39 में होने वाले उप निर्वाचन के लिए मतदाता सूचियों का तैयार एवं पुनरीक्षण

■ जिला निर्वाचन अधिकारी ने नियुक्त किए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जोड़े जाएंगे मतदाता सूची में नाम

कार्य किया जाएगा। त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के लिए भी पुनरीक्षित किया जाएगा। दुर्ग, धमधा और पाटन को संबंधित जनपद पंचायतों के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं तहसीलदार दुर्ग, तहसीलदार धमधा तथा तहसीलदार पाटन को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी दुर्ग को अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। उप निर्वाचन के अंतर्गत जपं दुर्ग, धमधा और पाटन क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों और वार्डों में मतदाता सूची तैयार एवं पुनरीक्षण का कार्य किया जाएगा। जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत 5 ग्राम पंचायत भोथली, तिरगा, बोरई, कोटनी, उमरपोटी शामिल हैं। इसी प्रकार जनपद पंचायत धमधा के 5 ग्राम पंचायत रुहा, डोमा पथरिया, लहंगा, नंदवाय, करेली एवं जनपद पंचायत पाटन के 7 ग्राम पंचायत सुरपा, तुलसी, मानिकचौरी, कसही, गोडपेन्ड्री, मनसुली, गातापार वार्ड सहित पाहंदा(अ) सांकरा शामिल हैं।

### दीनदयाल आवासीय परिसर में अतिक्रमण

भिलाई। खमरिया स्थित पं. दीनदयाल आवासीय परिसर में लंबे समय से अतिक्रमण की शिकायत का मामला सामने आया है। इसे लेकर शिकायतकर्ता रमेश बिसेन ने कहा कि वे परिसर में जनवरी 2015 से निवासरत हैं। परिसर भिलाई निगम के वार्ड 1 में स्थित है। यह छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा तैयार विकसित एवं शासकीय कॉलोनी है। कॉलोनी में 408 फ्लैट निर्मित हैं। अधिकतम 40-50 मूल आवंटी ही निवासरत है। इस कॉलोनी में 250 से अधिक किरायेदार निवासरत हैं, जो कि दीनदयाल आवास योजना के खिलाफ है। अतिक्रमण के अलावा अवांछित गतिविधियों से रहवासी परेशान हैं। आवासीय परिसर में सामूहिक अनियमितता की जा रही है। मंदिर का निर्माण कराया गया है। इसकी लिखित शिकायत लगातार की जा रही है, इसके बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। अवैध निर्माण लगातार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किराए पर रहने वाले लोगों की जांच होनी चाहिए।

# योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता : बाघमार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला भारतीय जनता पार्टी के निर्देशानुसार पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत सिकोलापटरी पार मंडल द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन अग्रसेन भवन में किया गया।

■ अग्रसेन भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ, जिसमें अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती और विचारधारा के प्रसार के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर दुर्ग महापौर अलका बाघमार विशेष रूप से उपस्थित रहीं और उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए



संगठन की रीति-नीति तथा जनसेवा के कार्यों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण वर्ग में जिले से आए वक्ताओं द्वारा कार्यकर्ताओं को सात स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें संगठन की कार्यप्रणाली, भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा, कार्यकर्ता की भूमिका और जनसंपर्क के विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मंडल के पदाधिकारी, पार्षदगण, युवा मोर्चा के साथी, महिला मोर्चा की कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रशिक्षण वर्ग को आवासीय स्वरूप देते हुए सभी कार्यकर्ताओं ने अग्रसेन भवन में रात्रि विश्राम भी किया, जिससे संगठनात्मक संवाद और आपसी समन्वय को और अधिक मजबूती मिली।

# दुर्ग निगम की बजट बैठक आज ज्वलंत मुद्दों पर घेरेगा विपक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्ग की बजट सामान्य सभा की बैठक 17 मार्च को सुबह 11 बजे से मोतीलाल वोरा सभागार में आयोजित है। बैठक की अध्यक्षता सभापति श्याम शर्मा करेंगे। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, एमआईसी मेंबर और पार्षद मौजूद रहेंगे। सुबह 11:30 बजे से प्रश्नकाल प्रारंभ किया जाएगा, जिसमें पार्षदगण शहर के विकास एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर अपने प्रश्न और सुझाव रखेंगे। इधर कांग्रेसी पार्षदों ने शहर सरकार को घेरने की तैयारी की है। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने कहा कि बजट बैठक में सत्ता पक्ष को घेरने विपक्ष ने बाजार विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जलविभाग व पीडब्लूडी विभाग की कार्यशैली को लेकर तीखे सवाल लगाए हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग व बाजार विभाग में सुनियोजित तरीके से मिली भगत करके भ्रष्टाचार किया जा रहा है। सुलभ शौचालय को अलग-अलग महिला स्व. सहायता समूह को दिया जाना है, लेकिन पूरे सुलभ शौचालय को केवल दो समूहों के

■ सुबह 11 बजे निगम सभागार में आयोजन


हवाले कर दिया गया है। कांग्रेस परिषद के कार्यकाल में गया नगर में पानी टंकी के निर्माण का टेंडर हुआ था। इसका वर्क आर्डर भी जारी कर दिया गया था, लेकिन जल विभाग द्वारा पानी टंकी के निर्माण की कोई पहल नहीं की जा रही है। 15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत नगर निगम के पूरे साठ वार्डों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। कांग्रेस के वार्ड में विकास के लिए राशि नहीं दी जा रही है।

## रैश्ने आवास के लिए 21 लोगों को जारी पट्टा पहले ही निरस्त

# एसडीएम के आदेश के बाद भी नहीं हुई बेदखली कार्रवाई, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कलेक्ट्रेट के सामने राजीव गांधी आश्रय योजना के अंतर्गत 21 लोगों को पट्टा जारी किया गया। नियम और शर्तों के अंतर्गत जारी पट्टे के अनुसार जगह का इस्तेमाल केवल आवास के लिए किया जाना था, लेकिन लोगों ने जगह का स्वरूप ही बदल दिया। आवंटित जमीन का क्रय-विक्रय भी किया। अतिक्रमण के साथ जगह का व्यावसायिक उपयोग शुरू हो गया। 9 अगस्त 2021 को तत्कालीन एसडीएम नियम पोयाम ने लीज निरस्त कर अतिक्रमण हटाने के लिए आदेश पारित किया। नगर निगम दुर्ग को अतिक्रमण हटाने के लिए आदेशित किया गया, बावजूद कब्जा नहीं हटाया गया है। इसे लेकर जिला प्रशासन से शिकायत की गई है। शिकायत में नियमतः कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत में कहा गया है कि 21 पट्टा धारकों को नियम विरुद्ध अपने जमीन का क्रय- विक्रय करने का दोषी पाया गया था। साथ ही उन्होंने यह भी देखा कि यह जो पट्टा आवंटन किया गया था, उसमे स्पष्ट कहा गया था कि यह पट्टा क्रय-विक्रय करने योग्य नहीं है, फिर भी पट्टा देने के नियम के विरुद्ध इसका क्रय- विक्रय किया गया था।






### नियमों के तहत इन लोगों को जारी किया गया था पट्टा

जानकारी के मुताबिक नियमों के तहत जिन लोगों को आवास के लिए पट्टा जारी किया गया, उनमें भैयालाल, यास्मिन, नरोत्तम, मानसिंह, रामकुमार, पूनमचंद, देववती, गायत्रीबाई, विद्या देवांगन, ब्रिजेश सोनकर, खेमलाल, अहमद अली, राम खिलावन, निखिल, जगीला बानो, रजिया बेगम, वायिर, सईदा बेगम, दिनेश गुप्ता, जगोती बाई, ढालसिंह शामिल हैं। प्रायः लोगों द्वारा व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा आवंटित की गई जगह का क्रय-विक्रय किया गया है।

### निगम को दिया गया था एक माह का समय गुजर गया साल

जारी आदेश में उन सभी प्रकरणों को जांच करने के उपरांत एसडीएम कार्यालय ने नगर निगम को यह आदेश दिया गया था कि उन सभी 21 पट्टा धारकों का पट्टा निरस्त करें। इस शासकीय भूमि को अन्य कार्य हेतु खाली कराएं। इसके लिए एसडीएम कार्यालय ने नगर निगम दुर्ग को एक माह का समय दिया था, जो कि इतने वर्षों के बीच जाने के बावजूद भी पूर्ण नहीं किया गया है। इससे पहले भी अनेक अनेक आयुक्त इस विभाग में कार्य कर चुके हैं, लेकिन किसी का ध्यान इस पट्टा निरस्तीकरण की ओर नहीं गया।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार, 17 मार्च 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

लाइव इवेंट

## महाकवि कपिलनाथ कश्यप सम्मान से सम्मानित हुए बलराम



**भिलाई।** कुर्मी सेवा समिति भिलाई द्वारा कुर्मी भवन सेक्टर-7 भिलाई में महाकवि कपिलनाथ कश्यप जयंती और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ी गीतकार और कवि बलराम चंद्राकर को महाकवि कपिलनाथ कश्यप सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार बंछोर चेयरमेन सेफी अध्यक्ष ओए बीएसपी, संस्था अध्यक्ष हेमंत चंद्रा और मुख्य वक्ता डॉ. डी पी देशमुख, छतीसगढ़ी कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई अध्यक्ष संतोष पाटनवार, महिला अध्यक्ष अनिता वर्मा, अनामिका सिंगसार्वा, ईश्वरी वर्मा राजप्रधान दुर्ग और वरिष्ठ साहित्यकार अरुण निगम उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत कपिलनाथ कश्यप के तैलचित्र में दीप प्रज्जवलन और छतीसगढ़ी राजगीत से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्य वक्ता डॉ.डी.पी.देशमुख ने कश्यप के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आमंत्रित कवियों में डॉ.कृष्ण कुमार पाटिल, डॉ.दीनदयाल साहू, विजेंद्र वर्मा, जागृति सार्वा, डॉ.गिरधर चंद्रा, संगीता वर्मा, बलराम चंद्राकर, ईश्वरी वर्मा ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### महाकवि के योगदान की हुई चर्चा

इस दौरान छत्तीसगढ़ी गीतकार और कवि बलराम चंद्राकर को महाकवि कपिलनाथ कश्यप सम्मान से सम्मानित किया गया। संस्था अध्यक्ष हेमंत चंद्रा और नरेंद्र बंछोर ने अपने उद्बोधन में कहा कि छतीसगढ़ी काव्य के भगीरथ कवि कश्यप को प्रदेश के महाकवि की उपाधि से विभूषित किया जाना हम सब के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम में मनवा कुर्मी समाज के अध्यक्ष जनक राम वर्मा, दिल्लीवार कूर्मि समाज के अध्यक्ष कुबेर देशमुख, युवा कूर्मि समाज अध्यक्ष अजय चंद्राकर, प्रेम लाल पिपरिया, दिलीप देशमुख, दिनेश वर्मा, दिनेश वर्मा, पवन चंद्राकर, पुष्पक राज देशमुख, राकेश चंद्रा, जगमोहन गभेल, कांता चंद्रा, याद राम चंद्रा, देवदत्त कौशिक, राजेश कौशिक, रमेश कौशिक, मूलचंद चंद्रा, शिव चंद्रा, रुपेश चंद्रा, सुरेश चंद्रा, बद्री चंद्रा, अरुणा वर्मा, लल्ली पाटनवार, शीला चंद्रा, ललिता चंद्रा, अन्नपूर्णा वर्मा, अनीता वर्मा, शशि कश्यप, केवड़ा राजवाड़े, किरण चंद्रा, नंदा चंद्रा, ज्योति चंद्रा, आशा चंद्रा, वृंदा चंद्रा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.गिरधर चंद्रा और आभार अनामिका सिंगसार्वा ने किया।



लाइव इवेंट

## दुर्ग की कुश्ती महिला और जूडो पुरुष-महिला टीम आल इंडिया प्रतियोगिता में लेगी हिस्सा



**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की कुश्ती महिला टीम 17 से 20 मार्च तक कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र में आयोजित एवं जूडो पुरूष महिला 18 से 22 मार्च तक चण्डागढ़ विश्वविद्यालय मोहाली पंजाब में आयोजित आल इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेगे। रवाना होने से पहले विश्वविद्यालय परिसर में दोनों टीमों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ. संजय तिवारी और कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई। टीम खिलाड़ियों को ट्रैकसूट, ड्रेस व जूता प्रदान किया गया। खेल संचालक डॉ दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि कुश्ती महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर शासकीय महात्मा गांधी स्कूल दुर्ग में आयोजित कराया गया था, वहीं जूडो पुरूष महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर जूडो एकेडमी कैम्प 2 भिलाई में आयोजित कराया गया। जूडो पुरूष महिला टीम के खिलाड़ियों ने उत्तर पूर्वी क्षेत्र अंतर वि.वि. प्रतियोगिता उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई की थी। कुश्ती टीम की मैनेजर अनिता पौषार्य क्रीड़ाधिकारी शासकीय महाविद्यालय गंडई और कोच एन.आई. एस. संतोषी चन्द्राकर है। वही जूडो टीम के मैनेजर विजय नाग पोलिस विभाग वैशाली नगर भिलाई और कोच श्वेता व्यायाम शिक्षक महर्षि विद्या मंदिर ताटिबंध रायपुर के मार्गदर्शन में टीम प्रतियोगिता में प्रदर्शन करेगी।

कुश्ती महिला टीम में शामिल खिलाड़ियों में आरती शासकीय महाविद्यालय गुरुर, नीलिमा साहू शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, प्रेमा ढीमर शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग, ग्रेसी पटेल शासकीय महाविद्यालय दुर्ग, खुशी सोनकर शासकीय महाविद्यालय दुर्ग तन्नु शासकीय महाविद्यालय गंडई है। वहीं जूडो पुरूष व महिला टीम में घनश्याम निर्मलकर शासकीय महाविद्यालय वैशाली नगर भिलाई, योगेन्द्र कुमार साहू मनसा महाविद्यालय कोहका भिलाई सपना यादव स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज हुडको, दिव्या कुमारी शासकीय महाविद्यालय वैशाली नगर भिलाई, नदिनी सिंह कल्याण पीजी कॉलेज भिलाई नगर, इशिता साहू शासकीय महाविद्यालय वैशाली नगर भिलाई के खिलाड़ी शामिल होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

तालपुरी की महिलाओं ने निभाई मातृशक्ति की भूमिका, महिला दिवस और होली मिलन समारोह आयोजित

# आकर्षक भाव-भंगिमाओं से मातृ शक्ति के विविध रूपों का खूबसूरती से अभिनय, लघु नाटिका और नृत्य में मचाया धमाल

भिलाई। ट्विनसिटी में इन दिनों जगह-जगह महिला दिवस और होली सेलिब्रेशन का दौर चल रहा है। जहां महिलाएं अपने परिवार के काम निपटाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन मंच पर लगातार कर रही है। इसी कड़ी में तालपुरी महिला समिति के तत्वावधान में क्लब हाउस में विश्व महिला दिवस और होली मिलन समारोह का रंगारंग आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा हाउजी का भरपूर लुत्फ लिया। सबसे खास आकर्षण लघु नाटिका थी, जिसमें महिलाओं ने मातृ शक्ति के विविध रूपों को भाव-भंगिमाओं के जरिये खूबसूरती से अभिनीत किया। जिसमें मनोरमा सिंह और आशा जानी ने लाइट एंड साउंड शो में आवाज देकर इसे जीवंत बनाया। वहीं होली गाने की धुन पर महिलाओं ने नृत्य के माध्यम से जमकर धमाल मचाया।



### मातृ शक्ति के विविध रूप प्रदर्शित

लघु नाटिका में माला यादव ने नन्हें शिशुओं की भाग्य विधात्री माता, सरला श्रीवास्तव ने माता लक्ष्मी, रेखा मालवीय ने देवी पार्वती, सुशीला सूर्यवंशी ने देवी सरस्वती, कृतिका साव ने माता अनुसूया, भावना राव ने माता शबरी, ममता शुक्ला ने मां गंगा तथा सरोज तिवारी ने आधुनिकता, कैरियर और परिवार के बीच बेहतरीन तालमेल बिठाने वाली आज की नारी की भूमिका निभाई। नाटिका के अंत में सभी देवियों ने मिलकर आधुनिक माता को आशीर्वाद दिया। इनके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाली महिलाओं में नीतू साहू, अनीता सिंह, अनीता दत्ता, रेणुका पटेल, जयश्री फुले, ममता वर्मा, विजया राव तथा लीना जांगड़े भी शामिल थी।

### राष्ट्र निर्माण में नारी की अहम भूमिका

इससे पहले समिति की आध्यक्ष एवं अधिवक्ता रेखा सिंह और पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलन कर समारोह की विधिवत शुरुआत की। रेखा सिंह ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि नारी शब्द मात्र नहीं है, वह शक्ति, सम्मान, त्याग और प्रेम की प्रतिमूर्ति है। यदि आप अपने बच्चों का लालन-पालन, तालीम-तीमारदारी बेहतरीन ढंग से कर रही हैं, तो इसका अर्थ है आप राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रही हैं। इस समिति का उद्देश्य महिलाओं को ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी प्रतिभा, विचार और संस्कार व्यक्त कर सकें। इस मौके पर अध्यक्ष रेखा सिंह, उपाध्यक्ष महिमा धोबले, कोषाध्यक्ष धनेश्वरी शर्मा एवं कार्यकारिणी सदस्य श्यामली मुखर्जी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।





## जागृति महिला क्लब ने खेले गेम, बने विजेता



जागृति महिला क्लब दुर्ग द्वारा होली मिलन के साथ महिला दिवस का आयोजन केसरी नंदन हनुमान मन्दिर मीनाक्षी नगर दुर्ग में किया गया।महिलाओं ने पहले फूलों की होली खेलकर विविध मनोरंजक गेम्स का भी आयोजन किया गया। हाउजी गेम में संगीता साहू, किरण वर्मा, रजनी वर्मा विजेता रही। अन्य गेम में विद्या ठाकुर, नूतन श्रीवास और पुष्पा धूपे ने गेम जीता। इस दौरान सभी वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए घर परिवार तथा समाज में महिलाओं की भूमिका को सभी ने रेखांकित किया। इस अवसर पर पार्षद सविता साहू, नलिनी सोनी, अनिता ठाकुर, नंदा ठाकुर और महेश्वरी साहू को उत्कृष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष किरण वर्मा, सचिव नलिनी सोनी, कोषाध्यक्ष मंजू मेहता उपस्थित थे।



## ब्रह्माकुमारीज के 90 वर्ष पूर्ण होने पर नवदशकोत्सव मीडिया परिचर्चा आज

**भिलाई।** ब्रह्माकुमारीज़ संस्था द्वारा अपने 90 वर्ष में प्रवेश नवदशकोतसव के अवसर की खुशियां मनाने मीडिया सदस्यों के लिए मीडिया परिचर्चा - स्नेह मिलन का आयोजन सेक्टर 7 , सड़क 2 स्थित राजयोग भवन में मंगलवार को दोपहर 12 से किया जाएगा। संस्था की आशा बहन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस असर पर सभी मीडिया बंधुओं को मीडिया परिचर्चा स्नेह मिलन के बाद राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया जायेगा। भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने सभी मीडिया सदस्यों से मीडिया परिचर्चा स्नेह मिलन में समय पर उपस्थित होने को कहा है। नारी शक्ति द्वारा संचालित अंतरराष्ट्रीय संस्था प्रजापिता



ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आज संपूर्ण विश्व में राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के 18 प्रभागों द्वारा 140 से अधिक विस्तारित देशों में 50000 से अधिक समर्पित ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा राजयोग मेडिटेशन, सकारात्मक जीवन शैली, समय प्रबंधन,तनाव मुक्त जीवन शैली जैसे विभिन्न निशुल्क कोर्सेस द्वारा समाज के हर व्यक्ति को विगत 90 वर्षों से लाभान्वित कर रही है।

## योगासन प्रतियोगिता में दुर्ग शिक्षा विभाग के वर्षा, यीतेश, राघवेंद्र चयनित

**भिलाई।** संचनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर द्वारा ऑल इंडिया नेशनल सिविल सर्विसेज योगासन स्पोर्ट्स का चयन ट्रायल छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद कोटा स्टेडियम बैडमिंटन हॉल में रखा गया था। जिसमें जिला दुर्ग शिक्षा विभाग के दो व्यायाम शिक्षक एवं एक सहायक शिक्षक का चयन हुआ है। जिसमें 40प्लस आयु वर्ग आर्टिस्टिक सोलो में राघवेंद्र प्रताप सिंह व्यायाम शिक्षक सेजस बालाजी नगर खुर्शीपार भिलाई, अंडर 40 आयु वर्ग ट्रेडिशनल सोलो में यीतेश कुमार साहू व्यायाम शिक्षक सेजस जनता भिलाई 3 और अंडर 40 आयु वर्ग आर्टिस्टिक



पेयर और रिदमिक पेयर में वर्षा यादव सहायक शिक्षक शा. प्राथमिक शाला मरोदा टैंक भिलाई चयनित हुए है।

यह प्रतियोगिता 17 मार्च से 21 मार्च तक चंडीगढ़ में आयोजित की जायेगी। यह तीनों खिलाड़ी सिविल सर्विसेज योगासन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ दल का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में चयन होने पर जिला दुर्ग शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारियों द्वारा बधाइयां दी गई और प्रतियोगिता में मैडल हासिल करने के लिए सभी ने शुभकामनाएं दी है।

कला-साहित्य अकादमी छग की महिला सदस्यों की सक्रिय कार्यकारिणी गठित

# युवा पीढ़ी को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मिलेगा अवसर साहित्य, संगीत, नृत्य, चित्रकला रंगमंच की कार्यशालाएं होंगी शुरू

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** कला-साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ कवच की बैठक रविन्द्र निकेतन कालीबाड़ी हुडको में आयोजित की गई। बैठक में अकादमी की कार्यकारिणी को विस्तार देते हुए महिला सदस्यों की सक्रिय भूमिका के साथ नई टीम का गठन किया गया साथ ही आगामी महीनों में आयोजित किए जाने वाले साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता सुमिता बासु पाटिल ने की। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष गोकुल वर्मा, महासचिव सुचिता मुखर्जी, सचिव डॉ. संस्कृति वर्मा, संयुक्त सचिव अमृता सान्याल, कोषाध्यक्ष स्वाति सेनगुप्ता, सह-कोषाध्यक्ष पूरबी विश्वास, मुख्य समन्वयक मौ दत्ता, संरक्षक अर्चना शर्मा, मुख्य सलाहकार अनीता उपाध्याय, सलाहकार मीता दास और रचना श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।

इसके साथ ही समन्वयक चंद्रा बेनर्जी, ममता सेनचौधरी, संगीता लाहिड़ी, रिंकू बागची और आलो रानी बसाक सहित कलाकार-साहित्यकार साथियों में कुमारी काकोली रुद्रा, सुरभि रॉय, सोमा सरकार, दीपा प्रामाणिक, मनोरंजन दास, प्रदीप मित्रा, राजेश बसाक, गोपी रंजन दास वैष्णव और तुहिनाद्री सान्याल ने सहभागिता करते हुए अपने सुझाव प्रस्तुत किए। अकादमी की केंद्रीय समिति से शक्ति चक्रवर्ती, मणिमय मुखर्जी, बबलू विश्वास, शांतनु दासगुप्ता, पराग सेनगुप्ता, मिथुन दास तथा जयंत बागची भी बैठक में उपस्थित रहे और संचालन समिति के साथ आगामी कार्यक्रमों के समन्वय पर चर्चा की।






बैठक में अकादमी द्वारा युवा पीढ़ी को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देने साहित्य, संगीत, नृत्य, चित्रकला एवं रंगमंच से संबंधित कार्यशालाएं स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में 20 मार्च को वर्ल्ड डे ऑफ थियेटर फॉर चिल्ड्रेन एंड यूथ, 23 मार्च को भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु की शहादत दिवस, 27 मार्च को विश्व रंगमंच दिवस, 3 अप्रैल को हिंदी रंगमंच दिवस, 29 अप्रैल को इंटरनेशनल डांस डे, 9 मई को कविगुरु रबीन्द्रनाथ ठाकुर जयंती, 24 मई को काजी नजरुल इस्लाम जयंती तथा 21 जून को वर्ल्ड म्यूजिक डे के अवसर पर विशेष साहित्यिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया।

इस दौरान अकादमी के फेसबुक एवं इंस्टाग्राम सहित सोशल मीडिया में उसकी गतिविधियों की जानकारी व्यापक रूप से समाज तक पहुंचाने पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने कला एवं साहित्य के प्रसार तथा युवाओं को रचनात्मक मंच प्रदान करने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।

**सिटी इवेंट**

## होली मिलन कार्यक्रम में महिलाओं का किया सम्मान




**भिलाई।** एक प्रयास सामाजिक एवं सांस्कृतिक महिला समूह द्वारा महिला दिवस एवं होली मिलन का कार्यक्रम सेक्टर-8 स्टील क्लब में मनाया गया। कार्यक्रम चैती पाल की अध्यक्षता में हुआ। कविता साहू और अंजलि चौहान को महिला सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्होंने शहरों में अंडरग्राउंड सीवरेज की सफाई में सफाई कर्मी के दिक्कतों को देखते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित रोबोटिक क्लीनर तैयार किया। यह मॉडल इतना बढ़िया था कि इन्हें राष्ट्रपति के साथ चाय पीने का मौका मिला। मीनाक्षी तोमर ने सुंदर गीत की प्रस्तुति दी। गिरिजा द्वारा महिलाओं के ऊपर बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किया गया। होली के उपलक्ष्य पर सरोज खत्री, नीता, पूनम प्रियदर्शी, अन्नपूर्णा मधु, पूनम, लता ने नृत्य किया। महिला दिवस के अवसर पर सरोज भाई और प्रतिभा ने संबोधित किया। इस अवसर पर चैती पाल ,ज्योति चंद्राकर, संध्या चेट्टी, उषा साहू, मंजू सामान्ता ,वंदना के द्वारा एक ड्रामा किया गया। जिसका नाम था आज की मॉडर्न बहू। संचालन निशा ठाकौर ने किया। कार्यक्रम में रीता, सरस्वती, तेजस्वी, सुमन, रागिनी शामिल हुईं।

- एक प्रयास ने मनाया होली मिलन और महिला दिवस का आयोजन

**लाइव इवेंट**

## नवीन उज्वल महिला महाराष्ट्र मंडल ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**भिलाई।** महाराष्ट्र मंडल अध्यक्ष नीलू लिमेश के निवास में महिला दिवस बड़े जोर शोर से मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी गई, जिसमें प्रथम स्थान पर सुषमा ठोसर, द्वितीय स्थान पर नंदा पांडे, तृतीय स्थान पर कीर्ति सिंग एवं संध्या कापसे रहीं। मंडल अध्यक्ष नीलू लिमेश ने बताया कि हर दिन महिला का होता है। घर से लेकर बाहर तक कोइ भी क्षेत्र हो हर काम में चार चांद लगा देती हैं, चाहे परिवार हो समाज या राष्ट्र ही महिला वह धुरी है। हर क्षेत्र की शोभा है। हौसले से भरती उनकी उड़ान कोई शिकायत ना कोई थकान। मत करना तुम नारी का अपमान, दुनिया की पहचान है औरत। हर घर की जान है औरत। बेटी, बहन, मां और पत्नी बनकर सबके दुख सुख सहकर फर्ज निभाती है औरत। जहां नारी की पूजा होती, वहां भगवान का वास होता है। अध्यक्ष नीलू लिमेश ने सभी को परितोषित देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से कोषाध्यक्ष सुषमा ठोसर, सचिव नंदा पांडे, उपाध्यक्ष उषा, तलमले राखी, भारती नंदनवार, प्राची लिमेश, मंदा वासनकर, चैताली डेकाटे आदि उपस्थित थे।

**इवेंट लाइव**

## भीषण गर्मी में जीव दया की भावना से प्रेरित होकर युवाओं ने बांटे कोटना और सकोरा



**दुर्ग।** बढ़ती गर्मी को खते हुए छत्तीसगढ़ टाइगर्स से जुड़े युवाओं ने अनोखी पहल की है। उन्होंने पक्षियों और अन्य जीव जंतुओं के लिए गर्मी से बचाव के लिए सकोरा और कोटना का वितरण किया। समिति के सदस्य स्व. नितेश साहू की स्मृति व अन्य सदस्य भाई गिरिराज के विशेष दिन पर युवाओं ने प्रेरक कार्य करते हुए गयानगर वार्ड में गौवंश के लिए कोटना व पक्षियों के पानी देने सकोरा वितरण कार्य किया गया। भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक व पूर्व सभापति दिनेश देवांगन इस दौरान मौजूद थे। संयोजक राहुल कुमावत व अन्य युवाओं द्वारा निरंतर किए जाने वाले सेवा बेजुबान जीवों के लिए समर्पण की एक मिसाल है, जिसकी शुरुआत गया नगर से हुई। शिव नगर, शेष नाग मंदिर, राजीव नगर क्षेत्र के अनेक सार्वजनिक स्थान पर इसका वितरण किया गया। इस अवसर पर श्रीपति वैष्णव, लवदीप, केशव सोनी के अलावा वार्ड के प्रमिला सोनी, नीलेश जैन, शकुन यादव, हीरा चंद्राकर, अनिता गुप्ता, सुशील मिश्रा, अजय वर्मा, माणिक चंद्राकर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने सुबह से ही पानी की टंकियां, बाल्टियां और छायादार स्थल तैयार किए, जहां प्यासे जीव आसानी से पानी पी सकें। दिनेश देवांगन ने कहा कि गर्मी के इस कहर में जीव-जंतुओं की अनदेखी नहीं की जा सकती, चाहे वे इंसान हों या जानवर।



- सांस्कृतिक भवन विस्तार व प्रशिक्षण शाला के लिए आर्थिक सहयोग का आश्वासन

# 21वें योद्धा-नर्तन राऊत नाचा महोत्सव में गूंजा जय यादव-जय माधव का जयघोष, झलका यादवी शौर्य, विजेता हुए पुरस्कृत

**दुर्ग।** पारंपरिक वेशभूषा, दोहा-पाठ और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच आयोजित 21वें योद्धा-नर्तन राऊत नाच महोत्सव में यादव समाज की समृद्ध लोकसंस्कृति और यादवी शौर्य की शानदार झलक देखने को मिली। विभिन्न मंडलियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। यादव संघ मित्र कल्याण मंडल एवं राज्य शासन के संस्कृति विभाग के सहयोग से श्री गहिरा गुरु धाम स्थित यादव सांस्कृतिक भवन, वार्ड क्रमांक 24 दुर्ग में 21वें योद्धा-नर्तन राऊत नाच महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह महोत्सव वर्ष 2006 से लगातार आयोजित किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ की पारंपरिक राऊत नाच कला को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।



### अहीर पगड़ी, पीतांबरी गमछा और तेंदुसार फूल से स्वागत



पूर्व विधायक अरुण वोरा ने दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान यादव समाज के लोगों ने जय यादव–जय माधव के जयघोष के साथ अतिथियों का खुरमी, अहीर पगड़ी, पीतांबरी गमछा और तेंदुसार फूल से स्वागत किया। साथ ही पारंपरिक दोहों का पाठ कर यादवी शौर्य का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अरुण वोरा ने राज्यसभा सांसद फूलों देवी नेताम के माध्यम से यादव सांस्कृतिक भवन के विस्तार के लिए 10 लाख रुपये दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही स्व मोतीलाल वोरा की स्मृति में भवन में वाटर फिल्टर मशीन उपलब्ध कराने की घोषणा की। मंत्री गजेंद्र यादव व्यस्तता के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने मुख्यमंत्री विकास निधि से छात्रावास और लाइब्रेरी के लिए 25 लाख रुपये दिलाने का संदेश भेजा। वहीं दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल को राऊत नाच आधुनिकीकरण प्रशिक्षण शाला के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से आर्थिक सहायता दिलाने के लिए पत्र सौंपा गया।

### लोक संस्कृति भी समाज के जीवन का अहम हिस्सा

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे गहिरा गुरु राजेश यादव द्वारा धर्म ध्वजा फहराकर की गई। उन्होंने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान के साथ लोक संस्कृति भी समाज के जीवन का अहम हिस्सा है। अपनी संस्कृति के माध्यम से ही समाज अपनी भावनाओं और खुशियों को अभिव्यक्त करता है और यही परंपराएं समाज को मजबूत बनाती हैं।

### छत्तीसगढ़ का प्रथम राऊत नाच आधुनिकीकरण प्रशिक्षण शाला के निर्माण की यादव समाज ने रखी मांग

### राऊताइन हाथा चित्रकला प्रतियोगिता

महोत्सव के दौरान राऊताईन हाथा चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें भाग लेने वाली 25 महिलाओं को 1100 रुपये नगद, शील्ड, श्रीफल और पीतांबरी गमछा देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में यादव संघ मित्र कल्याण मंडल जिला दुर्ग के अध्यक्ष कमलेश यादव, उपाध्यक्ष माथूर यादव, सचिव उमराव यादव, कोषाध्यक्ष हर्ष हिंद यादव, सहसचिव त्रिवेणी यादव, महामंत्री शिव यादव, संगठन मंत्री आर्य हिंद यादव सहित समाज के अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पुलिस प्रशासन और वार्ड पार्षद डॉ. पायल पाटील का सहयोग सराहनीय रहा।



### इन मंडलियों ने जीते पुरस्कार

प्रथम-अहीर नृत्य मंडली बैगापारा, दुर्ग 16 हजार और शील्ड, द्वितीय जय राधा कृष्ण राऊत नृत्य मंडली खजरी घूमका राजनांदगांव 11 हजार, तृतीय योद्धा-नर्तन दल दीपक नगर दुर्ग 7 हजार, बाल गोपाल अहीर नृत्य मंडली रायपुर नाका दुर्ग 5 हजार और पांचवे स्थान पर जगन्नाथ राऊत नाच पार्टी धमधा नाका दुर्ग को 5 हजार और शील्ड दिया गाया। महिला राऊत नाच दल श्रीकृष्ण भगवान मंदिर अहीर समाज रायपुरा ट्रस्ट को 7 हजार और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पारंपरिक बांस गीत और लोककला धीरे-धीरे समाप्त हो रही है, इसलिए इसके संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी समाज की है। उन्होंने आयोजन की सरहाना की।

**आयोजन**

## इफ्तार से दिया भाईचारे का पैगाम अमन के लिए की गई दुआएं

**भिलाई।** रमज़ान के पवित्र महीने में जमात-ए-इस्लामी हिन्द भिलाई की ओर से दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और सद्भावना को बढ़ावा देने यह आयोजन किया गया था। फरीद नगर में हुए इस आयोजन में शहर के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी तादाद में मौजूद थे। सभी मेहमानों ने मिलकर इफ्तार किया और नमाज अदा की। इस दौरान मुल्क में अमन व सलामती की दुआएं की गई।इस मौके पर इकरा टीचर्स एसोसिएशन के सदर अजमत उल्लाह खान, भिलाई वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष यासीन खान, स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन ऑफ़ इंडिया के साबिक सदर मो आमिर, दारूल क़ज़ा आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के शहर काजी मुफ़्ती सुहैल कासमी, जमात ए इस्लामी हिन्द छत्तीसगढ़ के साबिक सदर शब्बीर खान ने कहा कि रमजान का महीना सिर्फ इबादत का ही नहीं बल्कि इंसानियत, भाईचारे और कौम की खिदमत का भी पैगाम देता है। रोज़ा इंसान को परहेजगारी की हिदायत के साथ जरूरतमंदों के लिए रहमदिल बनाता है। इन वक्ताओं ने कहा कि इफ्तार का आयोजन समाज में आपसी समझ, भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने का एक अहम जरिया है। इस दौरान मौजूद सभी लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे मोहब्बत और मेलजोल को बढ़ाने वाली पहल बताया। आखिर में अबू हुरैरा अकादमी के सदर हाफिज अमान ने दुआए की। संचालन मोहम्मद साबिर ने किया और आखिर में जमात ए इस्लामी हिन्द के शहर अध्यक्ष एजाज अहमद ने सभी का शुक्रिया अदा किया। आयोजन में नियाज़ अहमद, ख़ुर्शीद हिलाल, मो जावेद, आरिफ खान, अहमद हसन, अमीन आरिफ, कलीम आरिफ, फरहान, रज़ा सिद्दीकी, अब्दुल रब्बानी, मतलूब अंसारी, ख़्वाजा मोईनुद्दीन, जावेद अहमद, केवी मोहम्मद, जावेद सिद्दीकी, अबुल हसन, शेख हारून और मौलाना जलील हसन नदवी सहित अनेक लोगों की भागीदारी रही।



**निकली शोभायात्रा**

## साईं झूलेलाल की प्रतिमा स्थापना के साथ एकता का दिया संदेश



**भिलाई।** झूलेलाल जयंती महापर्व की शुरुआत हो गई है। इसे लेकर सुबह प्रभातफेरी निकाली गई। शोभायात्रा में कार और बाइक में सवार होकर समाज के लोग शामिल हुए। प्रकृति और संस्कृति संरक्षण की भावना को वृक्षारोपण, चित्रकला, रंगोली, बैनर, पोस्टर प्रतियोगिता, संकल्प सभा के माध्यम से किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। इस अवसर पर भंडारा के साथ सिंधु और सेवा रत्नों का सम्मान होगा। सिन्धी समाज के इष्ट देव भगवान साईं झूलेलाल के जनमोत्स्व को झूलेलाल धाम हाउसिंग बोर्ड में धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी की गई है। सोमवार को गणपति स्थापना हुई। साईं झूलेलाल की मूर्ति की पूजा की गई। अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कृष्णानी ने बताया कि गणपति स्थापना की तरह अपने घरों में साईं झूलेलाल की स्थापना की जा रही है। 14 वर्षों से सिन्धी समाज के संत शिरोमणि चकरभाठा के संत साईं लालदास दिशा निर्देश और मार्गदर्शन में स्थापना की जा रही है। चेट्रीचंड्र महोत्सव 20 मार्च तक मनाया जाएगा। इस दौरान संदेशप्रद ड्रेस कोड, बैनर व पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से प्रकृति एवं संस्कृति बचाकर देशभक्ति की भावना युक्त प्रतियोगिता होगी। महिला मंडली की अध्यक्ष लक्ष्मी नागदेव ने बताया कि आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है।



**होली मिलन समारोह और आम सभा का किया आयोजन**

## देवांगन समिति रामनगर मंडल समाज के पंजीकृत घरों में लगाएंगे सदस्यता क्रमांक और नेम प्लेट, जल संरक्षण का लिया संकल्प

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** देवांगन परमार्थ सेवा समिति रामनगर ने मां परमेश्वरी भवन जवाहर नगर में आमसभा के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक सदस्यों ने मां परमेश्वरी कि आरती पूजा करने के बाद कार्यक्रम कि शरूवात अतिथियों का स्वागत कर की गई। मां परमेश्वरी महोत्सव 2026 के आय व्यय और सामाजिक लेखा समिति के कोषाध्यक्ष अश्वनी कुमार देवांगन ने सत्र 2025-26 में समाज की कुल आय और व्यय को विस्तार से सभी सदस्यों को जानकारी दी साथ ही इस दौरान 2 परिवारों को सामाजिक सहयोग किया गया। इस दौरान देवांगन परमार्थ सेवा समिति के पंजिकृत सभी सदस्यों के घरों में नेम प्लेट लगाये जाने पर सहमति दी गई। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष यादराम देवांगन ने होली पर्व कि शुभकामनाओं सहित दुर्ग जिला देवांगन समाज द्वारा तय सामाजिक नियमावली कि जानकारी सभी सदस्यों को दी। इस दौरान रामनगर मंडल के सदस्यों के सभी के घरों में देवांगन समाज कि ओर से सदस्यता क्रमांक सहित नेम प्लेट लगायें जाने का निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया। देवांगन परमार्थ सेवा समिति के पंजीकृत सभी सदस्यों के घरों में नेम प्लेट लगाया जायेगा। जिसे प्रथम तीन माह के भीतर हो जाने कि जानकारी दी गई।






### नगाड़ों की थाप पर गाए फाग गीत

समिति द्वारा सेवाकार्यो के लिए भोपत देवांगन को सम्मानित किया। होली मिलन समारोह में महिला अध्यक्ष कुंती देवांगन, सचिव गोकुल देवांगन, बिहारी देवांगन ने फाग गीत प्रस्तुत किया। नगाड़ों कि थाप पर सभी सामाजिक सदस्यों ने एक-दूसरे को हर्बल गुलाल लगाकर फूलों कि होली खेली। इस अवसर पर गर्मी के दिनों में होने वाले जल संकट से निपटने के लिए जल संरक्षण का भी संकल्प लिया। होली मिलन समारोह में अध्यक्ष यादराम देवांगन, सचिव गोकुल देवांगन, कोषाध्यक्ष अश्वनी कुमार देवांगन, उपाध्यक्ष डॉ के.एल. देवांगन, दयाराम देवांगन, सुनील देवांगन, राम अवतार देवांगन, नरेन्द्र देवांगन, जगन्नाथ देवांगन, संरक्षक द्वारिका प्रसाद देवांगन, यशवंत देवांगन, किशनलाल देवांगन, सलाहकार बाबूलाल देवांगन, बिहारी लाल देवांगन, पुरूषोत्तम देवांगन, राजाराम देवांगन, धनेश देवांगन, सूरज देवांगन, रामकुमार देवांगन, पुरूषोत्तम देवांगन, बलदेव देवांगन, बहुर देवांगन, कुन्ती देवांगन, प्रतिभा देवांगन सचिव, प्रमिला देवांगन कोषाध्यक्ष, ज्योति देवांगन सहसचिव और संरक्षक लता देवांगन, गीता देवांगन, मीना देवांगन, कार्यकारिणी सदस्य राधिका देवांगन, युवा मंडल में खोमेश देवांगन अध्यक्ष, देवेन्द्र देवांगन सचिव, लोकेश देवांगन उपाध्यक्ष, प्रतीक देवांगन कोषाध्यक्ष, सलाहकार भोपत देवांगन, चन्दन देवांगन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### पांचवीं की परीक्षा शुरू

**जामगांव आर।** शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 5वीं केंद्रीयकृत परीक्षा सोमवार को प्रारंभ हुई। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में शासकीय प्राथमिक शाला मोहभट्ठा के हेडमास्टर अमित चंद्राकर केन्द्राध्यक्ष है। विद्यालय में 22 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिए। प्रथम दिवस गणित का पेपर हल करने के बाद प्रसन्नचित मुद्रा में विद्यार्थी मिलकर एक दूसरे का हाल चाल पूछे।सबसे कहा पेपर अच्छा आया था। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर प्राचार्य पीएल बारले ने बच्चों को प्रभावी मोटिवेट करते हुए बताया कि वार्षिक परीक्षा में 5 वीं, 8वीं एवं 10वीं में 90 प्रतिशत या अधिक आने पर अगले कक्षा प्रवेश इच्छुक विद्यार्थी के शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह नियम शासकीय अशासकीय सभी विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए लागू है।

### धमना में गीता जयंती आज

**जामगांव आर।** ग्राम धमना में कोसरिया यादव समाज व समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में 17 मार्च को गीता जंयती का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। प्रारंभ में सामाजिक महिलाओं द्वारा गांव में कलश यात्रा निकाली जाएगी। दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि अशोक साहू विधायक प्रतिनिधि शुभारंभ करेंगे। अध्यक्षता राकेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामगांव आर, विशेष अतिथि अर्चना यादव जिला अध्यक्ष कोसरिया यादव समाज दुर्ग, गायत्री यादव जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, कविता साहू सरपंच नवागांव, रुपेंद्र शुक्ला, भेष आठे,अमीत अग्रवाल सरपंच बेल्हारी, रवि अग्रवाल, लोकेश महलवार सरपंच धमना, लाल कुमार ठाकुर, सतीश स्वर्णकार, शीतल कोठारी व सिरेन्द्र साहू मंचासिन रहेंगे ।वहीं समापन समारोह के मुख्य अतिथि गजेन्द्र यादव स्कूल शिक्षा मंत्री, अध्यक्षता रजनी बघेल, विशेष अतिथि डॉ. दयाराम साहू पूर्व विधायक, कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग, लालेश्वरसाहू, खेमलाल देशलहरे, कमलेश साहू ,नारद साहू, लोकेश महलवार, पुष्पलता खुमान जांगड़े, लाल कुमार साहू, जोगी राम साहू, अंकालु साहू, बैसाखू यादव व पवन यादव मंचासिन रहेंगे।

### निधन

#### नसीबलाल मंडल

**भिलाई।** एमआईजी 2318



हाउसिंग बोर्ड निवासी नसीबलाल मंडल 87 वर्ष का निधन 16 मार्च को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 17 मार्च को सुबह 11.30 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे दो पुत्र संजय मंडल एवं उदय मंडल व दो पुत्रियों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## अंचल के विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम हुए आयोजित

# मिनीमाता के योगदान का किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

प्रथम महिला सांसद महान समाजसेवी एवं जननेता मिनी माताजी की जयंती के पावन अवसर पर नगर पंचायत पाटन के वार्ड क्रमांक 09 में स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस मंडल के पदाधिकारियों, पार्षदों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी और मोहल्लेवासी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने मिनी माता जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि मिनी माता जी ने समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के लिए निरंतर संघर्ष किया और समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य किया।

इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि हमें मिनी माता के आदर्शों और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज सेवा और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाना चाहिए। उनके विचार आज भी समाज को एक नई दिशा देने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में भाईचारा, समानता और सेवा की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने एकजुट होकर मिनी माता जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर के कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में नागरिक पार्षद मनोज कुर्रे, नेता प्रतिपक्ष आभाष दुबे, दीपक यादव, गोपाल देवांगन, गुनीराम कौशिक, बिसोहा देवांगन, सोहन बघेल, शीतकरन महिलवार, मोती बघेल, तिलक राते, युवराज साहू, मनोज बघेल, नीरज सोनी, डेविड जोशी, ताराचंद, गौतम मस्तावर एवम वार्डवासी उपस्थित रहे।

### मिनी माता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



### याद किया मिनीमाता का योगदान

**उतई।** छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद व सतनामी समाज की आराध्य ममतामयी मिनीमाता की जयंती मनाई गई। ग्राम डुमरडीह उतई मिनीमाता चौक में स्थित मिनीमाता की प्रतिमा पर दिवाकर गायकवाड़ के नेतृत्व में सतनामी समाज एवं अन्य समाज के लोगो की उपस्थिति में माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर दिवाकर गायकवाड़ ने कहा कि मिनीमाता केवल सतनामी समाज की नही बल्कि सभी समाज की के लिए प्रेरणा की स्रोत थी वह ऐसे समय मे सांसद बानी जब महिलाओं को घर से निकलना मुश्किल था वह महिलाओं के हक अधिकार के लिए हमेशा लड़ती रही। ऐसी ममतामयी मिनीमाता का आज हमे जयंती मनाते हुए बड़ी प्रसन्नता हो रहा है। इस अवसर पर नगर पंचायत उतई के नेता प्रतिपक्ष द्वारिका साहू,पूर्व पार्षद प्रहलाद वर्मा,तोषण साहू,भगवत बंजारे,जे.आर. सोनवानी ,सुरेश बंजारे,सत्यप्रकाश कौशिक,लोकेश जोशी,ओमकार चतुर्वेदी,संजू बाबा,मुकेश साहू,टीकम ,कमलेश जोशी,नारायण गायकवाड़,तुलसी कोसरे,छगनलाल देशलहरे,शिव जांगड़े और दुर्जन देशलहरे उपस्थित थे।



### डुंडेरा में मनाई मिनीमाता जयंती

**उतई।** अविभाजित छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश की प्रथम महिला सांसद एवं जनसेवा की प्रतीक ममतामयी मिनीमाता की जयंती ग्राम डुंडेरा स्थित मिनीमाता चौक में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे के नेतृत्व में ग्राम के विभिन्न समाजों के लोगों ने एकत्रित होकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा पूजा-अर्चना कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके सामाजिक योगदान और मानव उत्थान के लिए किए गए कार्यों को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने कहा कि मिनीमाता का जीवन त्याग, सेवा और सामाजिक समरसता का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मिनीमाता हर मोर्चे पर अग्रणी रहीं और समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया। उनके विचार और कार्य आज भी समाज को एकजुटता, समानता और सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मिनीमाता छत्तीसगढ़ी अस्मिता और सामाजिक चेतना की प्रतीक रही हैं। इस अवसर सतनामी समाज के अध्यक्ष कीर्तन कोसरे, छंगा साहू, चुपुराम बंजारे, किशन देवांगन, मोनू तिवारी, दिनेश बंजारे, श्रीराम साहू, प्रदीप बंजारे, होमेन्द्र साहू, चंदू गायकवाड़, पप्पू निर्मलकर, अमोली राम भुईफोर, योगेश फेकर, टीकाराम बंजारे, भागवत देवांगन, सेवाराम साहू, सुमेर साहू, हरिचंद्र डहरिया उपस्थित थे।



## शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत कार्यशाला की तैयारी को लेकर बैठक रखी गई। भारतीय जनता पार्टी मंडल धमधा के तत्वावधान में हुई इस बैठक में आगामी कार्यशाला की रूपरेखा, संगठनात्मक विषयों एवं कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने कार्यशाला को सफल एवं प्रभावी बनाने के लिए मंडल के प्रत्येक शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति एवं जनसेवा के प्रति समर्पण को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट, मंडल महामंत्री छगन साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता प्रशांत अग्रवाल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमन लाल यादव और पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश साहू सहित सभी मोर्चा के अध्यक्ष एवं महामंत्रीगण, क्षेत्र के पार्षदगण, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक एवं सहसंयोजक उपस्थित रहे।

## युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीएम का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामुल

दुर्ग जिले के दुर्ग विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम समोदा में भाजपा नेता के खेत में अफीम व प्रदेश के अन्य जिलों में अफीम की फसल बोया पाया गया और साथ ही केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा एलपीजी गैस सिलेंडर की दर में बेतहाशा 60 रुपए की वृद्धि के विरोध में अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के नगर पालिका जामुल के तरुण संस्कृति भवन नंदिनी रोड में जिला युवा कांग्रेस महासचिव प्रवीण देवांगन एवं युवा कांग्रेस अहिवारा विधानसभा अध्यक्ष हेमंत साहू के नेतृत्व में रविवार को पेट्रोलियम मंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। साथ ही युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से मांग किया है कि पूरे जिलेभर में जितने भी फार्म हाउस है उन सभी की सघन जांच कर मालिकों की जानकारी और रेघ में लेने वालों के दस्तावेजों के साथ फसल विवरण की भी जानकारी शासन प्रशासन को ड्रोन के माध्यम से जांच करने और क्षेत्र के सभी गैस गोदामों में उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की उचित व्यवस्था कराने और सिलेंडर की कालाबाजारी करने वालों के ऊपर भी कार्यवाही करने के साथ-साथ सूखा नशा, अवैध नशाखोरी, शराब कोचियों के ऊपर कड़ी कार्यवाही करने जिससे अपराध पर अंकुश लग सके अधिकांश अपराध को नशे की स्थिति में अंजाम दिया जाता है इसके साथ ही पूरे जिले भर में अवैध कबाड़ी वालो पर भी कड़ी कार्यवाही करने युवा कांग्रेस ने ज्ञापन जिला कलेक्टर दुर्ग के नाम नायब तहसीलदार भिलाई -3 कुंदन शर्मा को सौंप कर सभी कार्यवाही की जानकारी भी युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को देने का निवेदन किया गया है। इस दौरान विशेष रूप से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सरोजनी चंद्राकर,नगर पालिका उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, गज्जू साहू एवं महासचिव राहुल पाल, राहुल साहू, यसराज, मोहित, सत्यम पंकज, राजा पाल, धन्नू, कुशल सोमेश, विकास, सागर, साहिल, गगन, किशन साहू, सोमू, मयंक, फलस्वरूप यादव आदि मौजूद थे।



■ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की

### सरकार की चुप्पी पर उठे सवाल : लोचन

**सेलूद।** दुर्ग जिले के ग्राम समौदा में भाजपा नेता विनायक ताम्रकर द्वारा की जा रही अवैध खेती के मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के सचिव लोचन यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और भाजपा सरकार के संरक्षण में अवैध गतिविधियां खुलेआम फल-फूल रही हैं। लोचन यादव ने बयान जारी करते हुए कहा कि भाजपा के नेता ही यदि अवैध खेती और गैरकानूनी कार्यों में लिप्त पाए जाएंगे तो प्रदेश की कानून व्यवस्था का क्या हाल होगा, यह आसानी से समझा जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि दुर्ग जिले के समोदा गांव में लगभग 2 वर्षो से अवैध अफीम खेती का कारोबार चल रहा था, लेकिन प्रशासन और पुलिस ने समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिससे साफ जाहिर होता है कि इस पूरे मामले में कहीं न कहीं राजनीतिक संरक्षण प्राप्त था।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी शुरू से ही इस मामले को गंभीरता से उठा रही है ।



## स्वरूपानंद महाविद्यालय में अंतर-विभागीय तार्किक पहेली प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय, आमदी नगर, हुडको, भिलाई में गणित विभाग द्वारा विश्व गणित दिवस एवं पाई दिवस के उपलक्ष्य में अंतर-विभागीय पजल तार्किक पहेली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के सभी संकायों से चार-चार विद्यार्थियों के समूह में आयोजित इस कार्यक्रम में विपुल संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो गणित के प्रति उनकी गहरी रुचि को दर्शाता है। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. मीना मिश्रा विभागाध्यक्ष गणित ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा यह प्रतियोगिता छात्रों में तार्किक क्षमता, समस्या समाधान कौशल और गणितीय चिंतन को मजबूत करने के लिए आयोजित की गई है। आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर विज्ञान, डेटा एनालिसिस, एआई और कोडिंग जैसे क्षेत्रों में गणित आधारभूत है। बिना मजबूत गणितीय नींव के उच्च शिक्षा और करियर में सफलता कठिन है। इस आयोजन से छात्र न केवल मनोरंजन करेंगे, बल्कि अपनी बौद्धिक क्षमताओं को निखारेंगे और गणित को जीवन का अभिन्न अंग बनाएंगे। प्रथम स्थान सुनील एवं अनुराग एमएससी गणित द्वितीय सेमेस्टर प्रेक्षा, स्वाति बीएससी द्वितीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान सौम्या, निकिता एवं भावना बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर, तृतीय स्थान पावनी, पदमा, अमित एवं राजवीर बीसीए द्वितीय सेमेस्टर रही निर्णायक के रूप में भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. बबीता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में स.प्रा. श्रीमती कामिनी वर्मा एवं अनामिका राय गणित विभाग का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक व छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।



## विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**कुम्हारी।** पीएम श्री सेजस कुम्हारी द्वारा पीएम श्री योजना के अंतर्गत कक्षा छठवीं, सातवीं एवं आठवीं के लगभग 317 विद्यार्थियों एवं 15 शिक्षक-शिक्षिकाओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु चंदखुरी स्थित माता कौशल्या मंदिर एवं रायपुर स्थित आदिवासी संग्रहालय ले जाया गया। इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं पारंपरिक धरोहरों से अवगत कराना था। यह संपूर्ण कार्यक्रम विद्यालय की प्राचार्या डॉ. विजया श्रीवास्तव एवं माध्यमिक विभाग की प्रधानाध्यापिका शीतल नय्यर के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यार्थियों ने माता कौशल्या मंदिर में धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व की जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने रायपुर के म्यूजियम का भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति, वेशभूषा, आभूषण, पारंपरिक उपकरण एवं जीवन शैली के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। संग्रहालय में प्रदर्शित कलाकृतियाँ, मॉडल्स एवं ऐतिहासिक सामग्री विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अनुशासन, जिज्ञासा एवं सीखने की भावना के साथ भ्रमण करने हेतु प्रेरित किया।

### श्रीमद् भागवत कथा में ध्रुव व कपिल चरित्र का किया वर्णन

## सच्ची श्रद्धा, भक्ति और दृढ़ संकल्प से मनुष्य जीवन में बड़ी से बड़ी उपलब्धि प्राप्त कर सकता है : पं भूपेन्द्र पांडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम खप्परवाड़ा में आयोजित संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा वाचक पं. भूपेंद्र पांडे ने श्रद्धालुओं को ध्रुव चरित्र और कपिल चरित्र का पावन प्रसंग सुनाया। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और भक्ति भाव से भगवान की महिमा का श्रवण किया।

कथावाचक पं. भूपेंद्र पांडे ने ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि बालक ध्रुव ने कठिन तपस्या कर भगवान विष्णु को प्रसन्न किया और अटल भक्ति के बल पर ध्रुव तारा के रूप में अमर हो गए। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बताया कि सच्ची श्रद्धा, भक्ति और दृढ़ संकल्प से मनुष्य जीवन में बड़ी से बड़ी उपलब्धि प्राप्त कर सकता है। इसके साथ ही कपिल चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने भगवान कपिल मुनि के उपदेशों का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि भगवान कपिल ने माता देवहूति को ज्ञान, भक्ति और वैराग्य का उपदेश देकर मोक्ष का मार्ग बताया। इस प्रसंग से मानव जीवन में सत्कर्म, संयम और ईश्वर भक्ति का महत्व समझाया गया।

यह धार्मिक आयोजन स्व. वीरेंद्र सिंह चंद्राकर की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। आयोजन में उनके पुत्र संदीप चंद्राकर और सौरभ चंद्राकर सहित परिवारजनों और ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता रही। कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।



## अंचल की खबरें

### फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सूचीबद्ध किए गए मरीज



**सेलूद।** राष्ट्रीय फाइलेरिया (हाथी पांव) उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीट में कार्यशाला आयोजित की गई।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी के निर्देशानुसार तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुवनेश्वर कठौतिया के मार्गदर्शन में रुग्णता प्रबंधन और विकलांगता की रोकथाम और बेहतर स्वच्छता,रख रखाव तथा मरीजों की अंगों की साफ सफाई और स्वच्छता पर यह पहल की गई। इस दौरान मरीजों को टब, बाल्टी, टॉवेल, मग और साबुन वितरण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीट के अंतर्गत 9 मरीजों को सूचीबद्ध किया गया था। एमएमडीपी प्रशिक्षित कमल नारायण तिवारी आर एच ओ के द्वारा स्वच्छता,रख रखाव तथा मरीजों की अंगों की साफ सफाई के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में बी एल वर्मा बी ई टी ओ जे आर मार्कण्डेय ,मधु देवांगन, मधुलता लाल और प्रेमराजकुमारी और सुपरवाइजर कपिश भोसले आदि उपस्थित थे।

### जनप्रतिनिधियों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही



**पाटन।** नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले के नेतृत्व में पाटन नगर के जनप्रतिनिधियों ने विधानसभा भवन का कार्यवाही देखी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन में उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर नगर की विकास कार्यों के लिए सार्थक चर्चा की। जिसमें उपमुख्यमंत्री द्वारा विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नही आने की बात कही व आश्वासन दिया। विधानसभा भ्रमण के दौरान मण्डल अध्यक्ष रानी बंछोर,नगर पंचायत उपाध्यक्ष निशा सोनी, सभापति केवल देवांगन, सभापति जितेन्द्र निर्मलकर, सभापति नेहा वर्मा, सभापति देवेन्द्र ठाकुर, पार्षद संगीता धुरंधर, रीना भाले, योगेश सोनी, कुलेश्वर भाले, सागर सोनी, आदित्य सावर्णी,विजय मौजूद थे।

### कोसरिया मरार पटेल समाज का हुआ चुनाव



**पाटन।** पाटन में कोसरिया मरार पटेल समाज का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। चुनाव में समाज के पद के लिए दो उम्मीदवार मैदान में थे, जिसमें समाज के सदस्यों ने उत्साह के साथ मतदान किया। कुल 74 मतदाताओं में से सभी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए गए, जिसमें लक्ष्मी नारायण पटेल को 44 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी पवन पटेल फेकारी को 30 मत मिले। इस प्रकार लक्ष्मी नारायण पटेल ने स्पष्ट बहुमत के साथ चुनाव जीतकर समाज के अध्यक्ष पद पर पुनः कब्जा जमा लिया। परिणाम घोषित होते ही समाज के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई और समर्थकों ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए अपनी प्रसन्नता जाहिर की।चुनाव के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पटेल ने समाज के सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज ने जो विश्वास उन पर जताया है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करेंगे।

### फाग गीत लोक संस्कृति की अमूल्य धरोहर : ललित



**दुर्ग।** ग्राम थनौद–भाठापारा बीरेझर, अछोटी, चंगोरी में आयोजित भव्य फाग गायन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और समस्त प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की। इस अवसर पर आयोजित फाग प्रतियोगिता में अंचल की ख्यातिप्राप्त मंडलियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप, फाग के सुर और झांकियों की जीवंत अभिव्यक्ति ने ग्रामीण संस्कृति की गहरी जड़ों और सामाजिक समरसता का सजीव चित्र प्रस्तुत किया। विधायक चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में विधायक ललित चंद्राकर ने कहा, “फाग केवल गीत-संगीत नहीं, बल्कि हमारी माटी की सुगंध, हमारी परंपरा और हमारे सामूहिक जीवन-मूल्यों का जीवंत दस्तावेज़ है। हमारी सरकार और मैं स्वयं यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि लोक कलाओं को मंच, कलाकारों को सम्मान और युवाओं को अवसर मिले। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों का स्नेह उनकी सबसे बड़ी पूंजी है।आयोजनकर्ताओं को गुलाल लगाकर फाग गायकों के उत्साह की सराहना करते हुए उन्होंने सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर सरपंच मेनका देशमुख, अध्यक्ष नारायण, दिनेश देशमुख, टेक सिंह साहू, सोनू देवांगन, मंटू देशमुख, लक्की साहू, केशव ठाकुर, रोहित निर्मलकर, सुकालू यादव, देवेंद्र सिन्हा, निलेश सोनी, कमलेश चक्रधारी, शैलेश सिन्हा, दिनेश सेन, रोहित दिल्लीवार, सरपंच झरना दिल्लीवार, उपाध्यक्ष ज्ञानचंद देशमुख, शशि देशमुख, संतोष देशमुख, प्रीतम पटेल, लिखु दिल्लीवार, सुनील यादव, दिनेश वर्मा, छगन दिल्लीवार पूर्व जनपद सदस्य, सुमन दिल्लीवार अध्यक्ष गुमान देशमुख, उपाध्यक्ष प्रेमनारायण कंवर, लेमन देशमुख, रूपेंद्र देशमुख, फागेश्वर देशमुख, झुम्मन लाल निषाद, ठाकुर राम विश्वकर्मा, हेमंत पारकर, विश्वजीत देशमुख, लोकेश देशमुख, मनोज देशमुख, जितेन्द्र देशमुख , रामस्वरूप विश्वकर्मा, मिथलेश देशमुख, पप्पू देशमुख, मुरारी देशमुख, रतनु लाल देशमुख, लक्ष्मी नारायण, ज्ञानदास मानिकपुरी, रोमेंन्द्र देशमुख एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### डॉ. नीलम युवा सम्मेलन के लिए दिल्ली आमंत्रित

**भिलाई।** शहर की डॉ. नीलम वर्मा को इंडिया इंटरनेशनल द्वारा 20 और 21 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली बुलाया गया है।
छत्तीसगढ़ सहित सम्पूर्ण दुर्ग संभाग के लिए यह गर्व का विषय है कि भिलाई की उदीयमान समीक्षक डॉ. नीलम वर्मा का चयन देश के सर्वाधिक प्रतिष्ठापूर्ण संस्थान रजा न्यास द्वारा युवा 2026 के लिए किया गया है। युवा 2026 का इस वर्ष की थीम हिंदी के मूर्धन्य साहित्यकारों और उनके शहरों पर केंद्रित है। डॉ. नीलम वर्मा का चयन मुक्तिबोध का नागपुर और राजनांदगांव विषय पर अपना आलेख प्रस्तुति हेतु किया गया है। हिंदी कविता के शिखर पुरुष गजानन माधव मुक्तिबोध का संबंध नागपुर और छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से बहुत प्रगाढ़ रहा है। डॉ. नीलम वर्मा को अभी हाल ही में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित रायपुर साहित्य उत्सव 2026 में भी विनोद कुमार शुक्ल पर केंद्रित सत्र में सूत्रधार के रूप में आमंत्रित किया गया था, जिसमें उनकी भागीदारी प्रभावशाली रही है। डॉ .नीलम वर्मा ने पिछले वर्ष ही हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से विनोद साव के व्यंग्य पर पीएचडी की डिग्री प्राप्त की है।



### आरएसएस ने किया भारत माता आरती का आयोजन

**भिलाई।** भिलाई के जामुल क्षेत्र में बोगदा पुलिया टंचिंग यार्ड के पास मणि कंचन केन्द्र के सामने स्थित गौसेवा प्रभु सेवा धाम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भारत माता की भव्य आरती का आयोजन किया गया। संघ के 175वें साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर HMGM जन सेवा समिति के अध्यक्ष लोकेश पांडेय, दीपक यादव (गौ सेवा प्रमुख भिलाई), राजेश निषाद, सावरकर जी, नागेंद्र यादव, हलदर सिंह गुप्तेश्वर ,निकेश बघेल, तनीष्क ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। लोगों ने कार्यक्रम में भारत माता के जयकारे लगाए और गौवंश को रेडियम पट्टी भी पहनाई गई, जिससे रात के समय वो सड़क दुर्घटना का शिकार होने से बच सकें।

# गर्मी के दस्तक देते ही टाउनशिप में शुरू हुई पेयजल किल्लत

## कई सेक्टरों के ऊपरी माले के क्वार्टरों में नहीं चढ़ रहा पानी, नलों में हैं धार पतली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

गर्मी के दस्तक देते ही बीएसपी टाउनशिप में पेयजल किल्लत शुरु हो गई है। विभिन्न सेक्टरों के ऊपरी माले के कई क्वार्टरों में पानी नहीं चढ़ने की समस्या से रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यूनियनों ने पेयजल समस्या के जल्द निदान की मांग की है।

टाउनशिप के कई सेक्टरों में पिछले कुछ साल से गर्मी के मौसम में अप्रेल महीने से तिमंजिला मकानों के दूसरे और तीसरे फ्लोर के आवासों के नलों में पानी की धार कम होने की शिकायत शुरु होती थी। लेकिन इस साल मार्च महीने में ही ऊपरी माले के क्वार्टरों में पाइप लाइन से ऊपर पानी ठीक से नहीं चढ़ने की समस्या शुरु हो गई है। सेक्टर 1, 4, 6,8, 7 और सेक्टर 8 के तीनमंजिला मकानों के कई ब्लाकों के क्वार्टरों के नलों में पानी का वेग काफी कम है। सुबह 7 बजे मात्र एक घंटा पानी सप्लाई की जाती है । इस अवधि में दो तीन बाल्टी ही पानी भर पा रहे हैं। रहवासियों ने बताया कि ग्राउंड फ्लोर के आवासों के निवासियों से रोज आग्रह कर पानी मांगना पड़ रहा है। महिलाओं और बच्चों को नीचे से सीढ़िओं पर से बाल्टियो से नीचे से ऊपर पानी ले जाने में अथक परेशानी हो रही है। फिर इतने कम पानी में लोगों को पीने और खाना पकाने और निस्तार के लिए दिक्कतों के सामना करना पड़ रहा है। वहीं ऊपरी माले के कई निवासियों को पेयजल किल्लत के चलते बाहर से पानी खरीदना पड़ रहा है। पानी बेचने वाले पानी का डब्बा ऊपर ले जाने के लिए पांच से दस रुपए अतिरिक्त चार्ज कर रहे हैं।



### मोटर पंप से खींच रहे पानी

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप में पानी की समस्या की वजह पेयजल पाइप लाइन के वर्षों पुरानी होना है। इसे बदले नहीं जाने के कारण समय समय पर पानी की समस्या उत्पान्न होती रहती है। इसे पूरी तरह अब तक बदला नहीं गया है। इसके अलावा गर्मी के मौसम में कई तीमंजिला ब्लाकों के प्रथम तल के कई निवासियों द्वारा अपने आवासों में मोटरपंप लगा रखे हैं। पंप से पानी खींचने लेने के चलते ऊपरी माले और आसपास के मकानों के नलों मे पानी की धार पतली हो रही है। आगे गर्मी बढ़ने के साथ ही पेयजल किल्लत बढ़ती जाएगी।

## स्टील इंपलाइज यूनियन इंटक ने सेल चेयरमेन को भेजा ज्ञापन

# सेल के प्रॉफिट में होने पर भी पे रिवीजन को तरसे कर्मचारी, भुगतान नहीं होने पर होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेल ( स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) के लगातार प्राफिट को देखते हुए लंबित वेतन समझौता का जल्द पूर्ण किए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। स्टील इम्प्लाइज यूनियन (इंटक) ने सेल प्रबंधन से पे रिवीजन और एरियर्स भुगतान कराने की मांग की है। जल्द मांग पूर्ण नही होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

यूनियन के महासचिव संजय कुमार साहू के नेतृत्व में यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने सेल चेयरमैन के नाम ज्ञापन भिलाई इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ प्रबंधक औद्योगिक संबंध प्रियंका मीणा को सौंपा। उन्होंने सेल के हर साल प्राफिट को देखते हुए अपूर्ण वेतन समझौता को पूर्ण कर 39 महीने के एरियर्स का भुगतान जल्द कराने कीमांग की। बताया कि कि 1 जनवरी 2017 से प्रारंभ हुई वेतन समझौते की प्रक्रिया को 9 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक इसे अंतिम रूप नहीं दिया गया है। सेल के कर्मचारियों और प्रबंधन के संयुक्त प्रयासों से कंपनी लगातार नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रही है । उत्पादन और उत्पादकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर रही है। श्री साहू ने बताया कि अगला वेतन समझौता 1 जनवरी 2027 से लागू होना प्रस्तावित है। वर्तमान में कर्मचारियों और अधिकारियों के वेतन समझौते की अवधि 10-10 वर्ष होने के कारण दोनों लगभग समान अवधि में आ गए हैं। इसलिए भविष्य में होने वाले वेतन समझौते में यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि अधिकारियों और कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ समान और न्यायसंगत रूप से प्रदान किया जाए।

- लंबित समझौता पूरा करने से कर्मियों का बढ़ेगा मनोबल

### कहा पिछले साल कंपनी 2,371 करोड़ का प्राफिट हुआ



### 40 हजार करोड़ का शुद्ध लाभ

यूनियन ने मांग की है कि एनजेसीएस की पूर्ण बैठक शीघ्र आहूत की जाए और 1 जनवरी 2017 से लंबित वेतन समझौते को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। ताकि 01 जनवरी 2027 से लागू होने वाले नए वेतन समझौते की प्रक्रिया समय पर प्रारंभ हो सके। महासचिव ने बताया कि वर्ष 2017 से अब तक सेल को 40 हजार करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ है।

### सात साल से कंपनी है प्राफिट में

पिछले आठ साल में सेल सिर्फ एक साल को छोड़कर हर साल प्राफिट में है। 2017-18 : 708 करोड़ रुपये का घाटा, 2018-19 : 3,743 करोड़ रुपये लाभ, 2019-20 : 3,757 करोड़ रुपये लाभ, 2020-21 : 6,821 करोड़ रुपये लाभ, 2021-22 : 16,392 करोड़ रुपये लाभ, 2022-23 : 2,379 करोड़ रुपये, 2023-24 : 4,529 करोड़ रुपये लाभ, 2024-25 : 2,371 करोड़ रुपये लाभ । उन्होंने कहा कि कंपनी को लगातार लाभ होने के बावजूद यदि कर्मचारियों का वेतन समझौता लंबित रखा जाता है तो इससे कर्मवीरों का मनोबल प्रभावित होता है। स्टील इम्प्लाइज यूनियन (इंटक) ने मांग की है कि वेतन समझौते को जल्द पूरा किया जाए। ऐसा नहीं किए जाने पर यूनियन चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। प्रतिनिधिमंडल में पूरन वर्मा, जीआर. सुमन, सच्चिदानंद पांडे, गिरिराज देशमुख, विश्वनाथ साहू, सुरेश श्याम कुवर, जीके सूर्यवंशी, शिव शंकर सिंह, रेशम राठौर, रमन मूर्ति, सीपी वर्मा, गुरुदेव साहू, ताम्रध्वज सिन्हा, दीनानाथ सिंह सार्वा, विजय कुमार विश्वकर्मा, डीपी खरे, राजकुमार नायर, मनोज कुलदीप एवं शैलेंद्र कुमार सक्सेना शामिल थे।

# कांग्रेस आज करेगी विधानसभा का घेराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक राजीव भवन शनिचरी बाजार में हुई। जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 17 मार्च को विधानसभा घेराव को लेकर रणनीति तैयार की गई। मध्य ब्लॉक के अध्यक्ष अलताफ अहमद के विशेष उपस्थिति में रखी गई। यह बैठक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मनरेगा को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ विधानसभा घेराव रखा गया है। उसमें अधिक से अधिक संख्या में मध्य ब्लॉक के कार्यकर्ता अपनी उपस्थिति देंगे। मंडल कांग्रेस कमेटी, बूथ कांग्रेस कमेटी, वार्ड कांग्रेस कमेटी का शीघ्र गठन किया जाए, इस विषय पर चर्चा की गई।बाकलीवाल ने कहा कि 17 तारीख को दुर्ग शहर के प्रत्येक ब्लॉक से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता विधानसभा घेराव करने रायपुर जाएंगे और केंद्र सरकार व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध जनहित में किया जाएगा। बैठक में अजय शर्मा, अलख नवरंग, राहुल शर्मा ने भी अपने विचार रखे।

- बैठक में तैयार की गई रणनीति

इस अवसर पर शकुन ढीमर, अशोक मेहरा, राजकुमार वर्मा, गणेश सोनी, मीना पाल, बिंदु राजपूत, रवि कोसरिया, अंकुर बोरकर, मोतीलाल वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### मधुमक्खियों के हमले से महिला की मौत, चार घायल

**भिलाई।** सोमवार को गराम रुहा धमधा क्षेत्र में खेत में काम कर रही महिलाओं पर अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला करने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक हमले में 40 वर्षीय दुर्गा साहू की मौत हो गई। जबकि चार से पांच अन्य महिलाएं घायल हो गईं। अचानक मधुमक्खियों का एक बड़ा भीड़ पहुंचा जहां खेत में काम कर रही महिलाओं पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के अचानक हमले से महिलाएं घबरा गईं और इधर-उधर भागने लगीं। मधुमक्खियों के हमले से दुर्गा साहू गंभीर रुप से घायल हो गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत उन्हें और अन्य घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धमधा पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद दुर्गा साहू को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायल महिलाओं का इलाज अस्पताल में किया गया। डॉक्टरों के मुताबिक महिलाओं की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### अवंतीबाई चौक से कुरूद मार्ग में लगा लंबा जाम



भिलाई। भिलाई में रानी अवंतीबाई चौक से कुरूद को जाने वाली सड़क में सोमवार शाम 6 बजे से लेकर सवा सात बजे तक लंबा जाम लगा रहा। बताया जा रहा है कि एक ट्रक नो एंट्री के समय में आकर यहां घुस गया। इससे सड़क में जाम लग गया। कुछ ही देर में वहां एक ही तरफ से कई गाड़ियां आने और दूसरी तरफ से भी गाड़ियां आने से जाम इतना बढ़ गया कि लगभग एक से सवा घंटे तक लोग जाम में फंसे रहे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने मदद की और धीरे धीरे गाड़ियों को रामनगर की तरफ से निकलवाया तब जाकर जाम खुल पाया।

### गंभीर मरीज के लिए ट्रैफिक पुलिस ने बनाया ग्रीन कॉरिडोर



**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने नेहरु नगर निवासी दीपिका भोसले का उपचार मित्तल अस्पताल नेहरू नगर भिलाई में उपचार चल रहा था। इस दौरान चिकित्सक परीक्षण के दौरान स्थिति गंभीर होने पर उन्नत उपचार के लिए रामकृष्ण अस्पताल रायपुर रेफर किया गया। सूचना मिलने पर ट्रैफिक पुलिस मित्तल अस्पताल नेहरू नगर भिलाई से रामकृष्ण अस्पताल रायपुर तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। मार्ग में आने वाले प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल की अग्रिम तैनाती कर ट्रैफिक को नियंत्रित कर डायवर्ट किया गया। एंबुलेंस को बिना किसी अवरोध के सुरक्षित एवं तीव्र गति से मार्ग उपलब्ध कराया जा सके। मॉनिटरिंग के माध्यम से एंबुलेंस को लगभग 42 मिनट में सुरक्षित रूप से रायपुर अस्पताल मरीज को पहुंचाया गया। जहाँ मरीज का उपचार जारी है।

### एससी, एसटी एसोसियेशन ने मनाई कांशीराम जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र, एससी, एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के तत्वावधान में डॉ अम्बेडकर प्रेरणा स्थल सेक्टर 6 में कांशीराम जंयती कार्यक्रम हुआ। एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद की अध्यक्ष और सामाजिक कार्यकर्ता भागवत बंजारे थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि कांशीराम ने बहुजनों के आर्थिक शक्ति से पहले राजनीतिक शक्ति को हासिल करने की बात कही है। हम सब को मिलकर डॉ बाबा साहेब आम्बेडकर एवं कांशीराम के सपनों को साकार करने के लिए सकारात्मक पहल करना होगा। कोमल प्रसाद ने कहा कि मान्यवर कांशीराम जी का जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय है। विशेष अतिथि डॉ आम्बेडकर सांस्कतिक भवन सेक्टर-6 के पूर्व अध्यक्ष सविता मेश्राम, तथागत समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष अनिल मेश्राम विचार व्यक्त किये।कार्यकम का संचालन एसोसिएशन के महासचिव विजय कुमार रात्रे व धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष कुमार भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष वेद प्रकाश सूर्यवंशी, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार खेलवार सहित धनंजय मेश्राम, कांछी बाई, कमल मेश्राम, सुमन आदि थे।

# अवैध पार्किंग पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



जुनवानी इलाके में स्थित सूर्या मॉल के सामने फुटपाथ पर लंबे समय से अवैध पार्किंग का खेल चल रहा था। निगम की जमीन पर ही वाहन पार्किंग संचालित कर लोगों से बाकायदा रसीद काटकर रकम वसूला करता था। देर रात ट्रैफिक पुलिस और स्मृति नगर चौकी पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। इस दौरान कई वाहन मालिकों को ई-चालान थमाया गया। जबकि जिन वाहनों के मालिक मौके पर मौजूद नहीं थे, उन वाहनों को जब्त कर नेहरू नगर ट्रैफिक पुलिस कार्यालय ले जाया गया। पुलिस की टीम जब सूर्या मॉल के सामने पहुंची तो फुटपाथ पर बड़ी संख्या में बाइक और कार खड़े मिले। जांच में पता चला कि, यहां रसीद काटकर पार्किंग शुल्क लिया जा रहा था। कार से 60 रुपए और बाइक से 20 रुपए लिए जा रहे थे। पुलिस ने पार्किंग ठेकेदार आशीष को हिरासत में लिया। उसके खिलाफ पुलिस ने धारा 285 के तहत मामला दर्ज किया है। नगर निगम की जमीन पर बिना अनुमति पार्किंग चलाकर लोगों से पैसे वसूलना गैरकानूनी है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने सूर्या मॉल के मैनेजर विनोद सिंह से भी पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि मॉल के अंदर ही पार्किंग की व्यवस्था बनी हुई है। मॉल प्रबंधन का बाहर चल रही पार्किंग से कोई संबंध नहीं है। उनके मुताबिक सड़क किनारे फुटपाथ पर आशीष कुमार नामक व्यक्ति अपने स्तर पर वाहनों की पार्किंग करवा रहा था।

### नियमित निगरानी नहीं होने के कारण होता है यही हाल

बताया जा रहा है कि, जिस जगह पर पार्किंग चल रही थी वह नगर निगम की जमीन है। अवैध पार्किंग को लेकर पहले भी नगर निगम और पुलिस को जानकारी दी जा चुकी है। एक बार नगर निगम और पुलिस ने मिलकर कार्रवाई भी की थी, लेकिन बाद में नियमित निगरानी नहीं होने के कारण फिर से वही स्थिति बन गई। सूर्या मॉल में रोजाना बड़ी संख्या में लोग आते हैं। भीड़ ज्यादा होने की वजह से मॉल के अंदर बने पार्किंग स्थल में कई बार जगह कम पड़ जाती है। ऐसे में कई लोग अपने वाहन सड़क के किनारे और फुटपाथ पर खड़े कर देते हैं। इसी का फायदा उठाकर अवैध पार्किंग शुरू कर दी गई थी।

### छत्तीसगढ़ी परंपरा के साथ गमछा देकर किया सम्मानित

# रजक समाज के होली मिलन व परिचय सम्मेलन में दिखी एकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



छत्तीसगढ़ी रजक समाज भिलाई द्वारा होली मिलन एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन सुपेला स्थित कर्मा भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर थे। अध्यक्षता रजक समाज प्रदेश अध्यक्ष किशन लाल निर्मलकर ने किया। विशेष अतिथि के रुप में अखिल भारतीय उड़िया समाज प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी, कालीबाड़ी सेक्टर 6 सचिव संजय दत्ता, पार्षद लालचंद वर्मा और प्रोफेसर राजू रजक मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव, संत गाडगे जी महाराज के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ की गई। कालीबाड़ी सेक्टर 6 के सचिव संजय दत्ता ने कहा कि रजक समाज के कमजोर वर्ग के परिवारों की बेटियों के लिए विवाह पर कालीबाड़ी सेक्टर 6 भवन निःशुल्क देने की घोषणा किया। सभी अतिथियों का सामाज द्वारा छत्तीसगढ़ी परंपरा के साथ गमछा देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में होली मिलन के अवसर पर ग्राम खमरिया की सांस्कृतिक नाचा मंडली 'गंवई के सिंगार' सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। कार्यक्रम में चंदन निर्मलकर, देवेंद्र कन्नौजे, लता गायकवाड़, ओ.पी. रजक, धनेश्वर गुरुजी, शंकर लाल रजक, चितरंजन निर्मलकर, रामस्वरूप निर्मलकर, जगमोहन निर्मलकर, पुरुषोत्तम निर्मलकर, आनंद निर्मलकर, जितेंद्र निर्मलकर, बबलू राम निर्मलकर, ओम प्रकाश, कौशल, राजेंद्र निर्मलकर, लेखराम, अजय, हितेश निर्मलकर, सुदर्शन, दुर्गा प्रसाद , सोमनाथ, मुन्ना पेंटर, कनक निर्मलकर, सालिक राम, समेत सामाजिक महिलाओं में संगीता निर्मलकर, रुख्मणि निर्मलकर, ममता निर्मलकर, संतोषी निर्मलकर, देवकी, सुरेखा, खुशी, जानकी निर्मलकर मौजूद थी। आभार समाज के अध्यक्ष गौतम निर्मलकर ने किया।

श्रद्धांजलि



स्व. श्रीमती जंत्री यादव जी
अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पढ रहा है कि हमारे माताजी जंत्री यादव (धर्मपत्नी स्व. श्री नारायण यादव) का दिनाँक 09.03.2026, दिन-सोमवार को आकस्मिक स्वर्गवास हो गया है। अतः इस कार्यक्रम में आप सपरिवार सम्मिलित होकर पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर हमें कृतार्थ करें।
कार्यक्रम
तिजनाहवन- 11.03.2026, बुधवार
दशगात्र- 18.03.2026, बुधवार
नोट-तालाब कार्यक्रम दोपहर 12 बजे तक सम्पन्न होगा।
कार्यक्रम स्थल : निज निवास - ग्राम-नंदिनी खुंदिनी जिला-दुर्ग (छ.ग.)
शोकाकुल परिवार:- धुरूवा यादव, उमेंद यादव, कृष्णा यादव, लेखु यादव, रामबगस, रमेंश, परमानंद, अर्जुन, प्रकाश, नरोत्तम, चोवा, जग्गु, देवप्रसाद, कुभकरण, रमानी, भोजराम, होली, लेखराम, मनोज, मनोहर, डेमन, रूपेन्द्र, आयुष, अभिषेक, कुशांक एवं समस्त यादव परिवार।
: विनित :
रामखिलावन यादव (पुत्र), श्रीमती डोमेश्वरी (बहु)
घनश्याम यादव (पुत्र), श्रीमती खुशबु यादव (बहु)
(सरपंच ग्राम पंचायत नंदिनी खुंदिनी), मो. 8305466458








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

HERITAGE
INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL
ADMISSION OPEN
NURSERY TO XII
SCIENCE | COMMERCE | HUMANITIES
C.B.S.E. AFFILIATED (Affiliation No.: 3330198)
DISE CODE : 22100720810
School Provides Admission Under RTE Act.
Admission Help desk
7566660470 / 71 / 75
www.heritageschools.org
heritage.schools@yahoo.com
Heritage International Public School
DURG BYPASS ROAD, DURG (C.G.)




उद्योगपति व समाजसेवी मनीष पारख
फोर्ब्स इंडिया
के गेम चेंजिंग लीडर्स
की सूची में शामिल होने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रकाश सांखला
अध्यक्ष
सराफा बाजार, दुर्ग
उपाध्यक्ष
छत्तीसगढ़ चेम्बर
ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज



उद्योगपति व समाजसेवी मनीष पारख
फोर्ब्स इंडिया
के गेम चेंजिंग लीडर्स
की सूची में शामिल होने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल एवं
श्री महावीर जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
Principal
ADMISSION OPEN
शैक्षणिक सत्र-2026-27
नर्सरी, कक्षा-1 से XI तक
पुलगांव चौक, दुर्ग (छ.ग.)
फोन : 0788-2212216, 6260742052
शिक्षक नगर, दुर्ग (छ.ग.)
फोन : 0788-2212217, 8103801201



उद्योगपति व समाजसेवी मनीष पारख
फोर्ब्स इंडिया
के गेम चेंजिंग लीडर्स
की सूची में शामिल होने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
AVISH EDUCOM
COLLEGE OF DESIGN & TECHNOLOGY
AVISH EDUCOM
Courses :
Instagram +4
Design:
Interior Design, Fashion Design.
Media & IT: Graphic Design,
VFX & Animation.
Tech & IT: Web Development,
Full Stack Development,
Cloud Computing, Cyber
Station Road, Near Agrasen Chowk,
Arya Nagar, Durg, Chhattisgarh - 491001

# उद्योगपति व समाजसेवी मनीष पारख

## फोर्ब्स इंडिया के गेम चेंजिंग लीडर्स की सूची

## में शामिल होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

शहर के उद्योगपति और मेघ गंगा ग्रुप के चेयरमैन मनीष पारख का नाम देश की प्रतिष्ठित पत्रिका फोर्ब्स इंडिया द्वारा जारी गेम चेंजिंग लीडर्स की सूची में शामिल किया गया है। इस सूची में देश के कई प्रभावशाली और नवाचार करने वाले नेताओं को जगह दी गई है। गौरव की बात यह है कि इसमें मनीष पारख को दूसरा स्थान मिला है।

इस उपलब्धि पर मनीष पारख ने कहा कि लोगों के विश्वास का यह परिणाम है और इस भरोसे को बनाए रखने के लिए वह हमेशा कर्तव्यबद्ध रहेंगे। उनके अनुसार, साफ नीयत, सेवा भाव और निरंतर प्रयास ही किसी भी संस्था को आगे बढ़ाते हैं और इसी भावना के साथ वे अपनी टीम को लगातार प्रेरित करते हैं। मेघ गंगा ग्रुप दुर्ग शहर का एक प्रमुख व्यावसायिक समूह है, जिसकी स्थापना मनीष पारख ने की। यह समूह शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यवसाय और कौशल विकास जैसे कई क्षेत्रों में सक्रिय है। समूह के अंतर्गत अविश एडुकॉम, लाइफकेयर डायग्नोसिस, महावीर ज्वैलर्स, जयदीप गैस एजेंसी, डिजाइनो डिजाइन एनीथिंग, द इंटरनेशनल स्कूल ऑफ डिजाइन, गेटवे ऑफ ग्लोबल एजुकेशन जैसे संस्थान संचालित हो रहे हैं।

ज्ञात हो कि पिछले दो वर्षों 2025-26 में मनीष पारख के निर्देशन में कई महत्वपूर्ण पहल भी की गईं। मोर शहर मोर जिम्मेदारी अभियान के तहत दुर्ग शहर के गांधी चौक, शहीद चौक, राजेंद्र प्रसाद चौक और वाय शेप ब्रिज चौक का पुनर्निर्माण कराया गया। स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें राज्यपाल छत्तीसगढ़ द्वारा सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें राज्य स्तरीय धन्वंतरि सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। वहीं लाइफकेयर डायग्नोसिस में आधुनिक तकनीक और नई मशीनों की स्थापना कर स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया गया है।


उद्योगपति व समाजसेवी मनीष पारख
फोर्ब्स इंडिया
के गेम चेंजिंग लीडर्स
की सूची में शामिल होने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
स्वर्ण एवं रजत
आभूषणों की विशाल रेंज



महावीर ज्वेलर्स
पुराना बस स्टैंड, दुर्ग , फोन नं. 0788-2210704

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर
उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K),
75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते
दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना,
चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग




OUR FACILITIES :
• 1.5T MRI
• C.T. Scan
• TMT, ECG, ECHO
• D.R. Digital X-Ray
• Color Doppler
• Sonography
• Pathology
• Endoscopy
गुणवत्ता के लिए विश्व स्तरीय मशीनें मंगाई :
लाइफ केयर सेंटर के चेयरमैन मनीष पारख बताते हैं कि बीमारी के इलाज में शुरुआती स्टेज में उसकी पहचान और सटीक पहचान होना जरूरी होता है। ऐसा हो जाने से गंभीर से गंभीर बीमारी विकराल व लाइलाज रुप नहीं कर पाती है। इसके लिए उन्होंने अपने सेंटर में विश्वस्तरीय मशीनें मंगाई है। दोनों सेंटरों पर जिन-जिन मशीनों से जांच होती है, वे दूसरों से अलग है। हर साल वह अपनी मशीनों और जांच संबंधी सॉफ्टवेयर को अपडेट करते रहते हैं।
Your One Stop Diagnostic Solution
लाईफ केयर
स्कैन एण्ड रिसर्च सेंटर



मनीष पारख
चेयरमैन, लाइफ केयर
भिलाई
7/1, जी.ई. रोड, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
मोबा.: 91091 76001
दुर्ग
ओम परिसर, आर्य नगर, दुर्ग
मोबा.: 83499 99518